दैनिक
सीहोर जिले का प्रथम दैनिक
RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-23 अंक-71 | सीहोर, शनिवार 02 मई 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## हर आंख हो गई नम

## जबलपुर क्रूज हादसा : मां से चिपका हुआ 4 वर्षीय बेटे का शव



जबलपुर (ए.)। जबलपुर क्रूज हादसे से आज सुबह ये भावुक तस्वीर सामने आई है। इस हादसे में गुरुवार को जहां 4 शव बरामद किए गए थे वहीं रेस्क्यू टीम ने आज सुबह क्रूज के भीतर से पांच अन्य शव बरामद कर लिए हैं और अब लापता चार लोगों की तलाश जारी है। वैसे तो रोमांचकारी क्रूज सैर को दुर्भाग्य से अपनी अंतिम सैर बनाकर शव के रूप में बाहर पहुंचे हर शख्स ने वहां मौजूद हर व्यक्ति को द्रवित कर दिया लेकिन इनमें एक मां और बेटे के शव को देखकर वहां मौजूद लोग बेहद भावुक हो गए। जाने कितने घंटे इस मां ने अपने बेटे को बचाने के लिए जद्दो जहद की होगी। उसने अपनी ही लाइफ जैकेट में बच्चे को बचाने की कोशिश की, लेकिन नियति ने उसे सही सलामत अपने लाल सहित बाहर आने का मौका नहीं दिया। वह क्रूज से बाहर नहीं निकल पाई और क्रू में ही कैद हो कर रह गई। अंत समय में मां अपने मासूम बच्चे को सीने से चिपकाए हुए थी। मानो आखिरी पल तक उसे बचाने की कोशिश करती रही हो। उक्त शव दिल्ली निवासी मरीना मसीह व उनके चार वर्षीय बेटे प्रशांत का है।

## जबलपुर क्रूज हादसे में अब तक 9 मौतें, 23 की बची जान

जबलपुर (ए.)। मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित बरगी डैम में हुआ क्रूज हादसा बेहद दर्दनाक और झकझोर देने वाला है। नर्मदा नदी के बैकवाटर में तेज हवाओं और ऊंची लहरों के बीच पर्यटकों से भरा एक क्रूज अचानक डूब गया। अब तक 9 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि 23 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। इस हादसे ने कई परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है।दिल्ली निवासी प्रदीप कुमार इस हादसे में किसी तरह बच गए, लेकिन उनकी पत्नी और 4 साल का बेटा अब भी लापता हैं। प्रदीप ने हादसे की भयावह आपबीती सुनाते हुए क्रूज प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि क्रूज पर सुरक्षा व्यवस्था बेहद कमजोर थी।



रुद्रप्रयाग ज़िले में चल रही केदारनाथ यात्रा 2026 के दौरान भारी भीड़ के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए हैं।

## पाकिस्तान में भारत के एक और दुश्मन का काम तमाम, इस्लामाबाद में रहस्यमयी हालात में मारा गया हिज्बुल कमांडर

इस्लामाबाद (ए.)। पाकिस्तान की धरती पर पनाह लिए बैठे भारत विरोधी आतंकियों में इन दिनों खौफ का माहौल है। वहां छिपे बैठे आतंकियों



के नेटवर्क को एक के बाद एक लगातार झटके लग रहे हैं। इसी कड़ी में अब कश्मीर मूल के खूंखार आतंकी और हिज्बुल मुजाहिदीन के वरिष्ठ कमांडर सज्जाद अहमद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की बड़ी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान की अति-सुरक्षित मानी जाने वाली राजधानी इस्लामाबाद में अज्ञात हमलावरों ने सज्जाद को निशाना बनाकर ढेर कर दिया है, जिसके बाद से आतंकी आकाओं में खलबली मची हुई है।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मारा गया आतंकी सज्जाद अहमद मूल रूप से भारत में जम्मू-कश्मीर के बारामूला इलाके का रहने वाला था। वह कई साल पहले सुरक्षा बलों से बचकर अवैध रूप से सीमा पार कर पाकिस्तान भाग गया था। वहां जाकर वह आतंकी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन से जुड़ गया और भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों को संचालित करने लगा।

## जम्मू में पुल का हिस्सा गिरने से कई मजदूर दबे, रेस्क्यू अभियान जारी

जम्मू,(आरएनएस)। जम्मू के बंटलाब के ठर इलाके में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो



गया. यह घटना उस समय हुई जब एक पुल की मरम्मत का काम किया था. इस दौरान पुल का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया, जिससे उसके नीचे काम कर रहे छह मजदूर मलबे में दब गए. हादसे के तुरंत बाद राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया.मलबे में दबे मजदूरों के निकालने के लिए जम्मू कश्मीर पुलिस, एसडीआरएफ, भारतीय सेना के अलावा स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है. अब तक दो मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है, जबकि 4 मजदूर अभी भी मलबे के नीचे फंसे हुए हैं।

## पश्चिम बंगाल में 15 बूथों पर फिर से होगी वोटिंग, चुनाव आयोग का बड़ा फैसला



कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। चुनाव आयोग ने कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य के 15 मतदान केंद्रों पर फिर से वोटिंग कराने का आदेश जारी कर दिया है। यह फैसला इन बूथों पर मतदान के दौरान बड़े पैमाने पर हुई गड़बड़ियों की शिकायतों के बाद लिया गया है। नए आदेश के अनुसार, 2 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मगराहट पश्चिम विधानसभा सीट के 11 बूथों और वीवीआईपी सीट डायमंड हार्बर के 4 बूथों पर मतदाता दोबारा अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। गौरतलब है कि इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों में दूसरे चरण के तहत 29 अप्रैल को वोट डाले गए थे।चुनाव आयोग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि पुनर्मतदान का यह सख्त आदेश दोनों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन अधिकारियों और पर्यवेक्षकों से मिली विस्तृत रिपोर्ट तथा जमीनी परिस्थितियों को ध्यान में रखकर दिया गया है। असल में, डायमंड हार्बर तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी का संसदीय क्षेत्र है। यहां बीजेपी ने मतदान के दौरान कई केंद्रों पर बड़े पैमाने पर चुनावी धांधली का गंभीर आरोप लगाया था। इन आरोपों की निष्पक्ष जांच के लिए ही चुनाव आयोग ने विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता को नियुक्त किया था, जिनकी तफ्तीश के बाद यह कड़ा फैसला सामने आया है।एक तरफ जहां पुनर्मतदान की तैयारियां चल रही हैं, वहीं दूसरी तरफ ईवीएम और स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा को लेकर भी प्रदेश में भारी सियासी घमासान मचा हुआ है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र के स्ट्रॉन्ग रूम में धांधली की आशंका जताए जाने के बाद राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने शुक्रवार को स्थिति स्पष्ट की।

## राहुल गांधी को इलाहाबाद HC से बड़ी राहत, इंडियन स्टेट वाले बयान पर FIR की मांग वाली याचिका खारिज

प्रयागराज (ए.)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ 'इंडियन स्टेट' (भारतीय राज्य) से लड़ने वाले बयान को लेकर एफआईआर (FIR) दर्ज करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान की अदालत ने इस मामले में पहले ही अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था और अब कोर्ट ने याचिका में मेरिट की कमी पाते हुए इसे सिरे से खारिज कर दिया है।यह पूरा विवाद 15 जनवरी 2025 को दिल्ली में कांग्रेस के नए मुख्यालय 'इंदिरा भवन' के उद्घाटन समारोह से जुड़ा है। इस कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और संवैधानिक संस्थाओं पर तीखा हमला बोलते हुए कहा था कि कांग्रेस की लड़ाई अब सिर्फ राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं रह गई है। उन्होंने मंच से कहा था कि अगर कोई सोचता है कि कांग्रेस केवल भाजपा या आरएसएस से लड़ रही है, तो वह जमीनी स्थिति को नहीं समझ रहा है।



प्रदेश के जबलपुर ज़िले में, एक दिन पहले बरगी बांध के जलाशय में पलटी क्रूज़ बोट का मलबा बचाव अभियान के दौरान निकाला जा रहा है; इस दुर्घटना में नौ लोगों की जान चली गई थी।

## हैदराबाद में सड़क पर खड़ी लॉरी से टकराई तेज रफ्तार कार, मौके पर ही 6 लोगों की मौत

हैदराबाद (आरएनएस)। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में शुक्रवार को आउटर रिंग रोड (ओआरआर) पर एक तेज रफ्तार कार के सड़क पर खड़ी लॉरी से टकरा जाने के कारण छह लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया. पुलिस ने यह जानकारी दी.पुलिस के मुताबिक यह दुर्घटना आज अपराह्न हुई जब तेज रफ्तार कार ने लॉरी को पीछे से टक्कर मार दी, जिसके कारण मौके पर ही छह लोगों की मौत हो गई. उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. खबर के मुताबिक, आउटर रिंग रोट एग्जिट-16 पर खड़ी एक लॉरी को एक कार ने पीछे से टक्कर मार दी. मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं.सड़क हादसा इतना भीषण था कि, कार लॉरी के पिछले हिस्से में जा फंसी. पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया. बड़ी मुश्किल से गाड़ी से शव निकाले गए. हादसे के समय कार में सात लोग सवार थे।

## मध्य प्रदेश में बदला मौसम का मिजाज, आज 17 जिलों में बारिश-ओले का अलर्ट, 4 मई तक जारी रहेगा असर



भोपाल,(निप्र.)। मध्य प्रदेश में तेज गर्मी के बीच अचानक मौसम ने करवट ले ली है। राज्य के कई हिस्सों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि का सिलसिला शुरू हो गया है। गुरुवार को भोपाल और ग्वालियर सहित 15 से अधिक जिलों में तेज हवाओं के साथ गरज-चमक और बारिश दर्ज की गई, जबकि उमरिया और मुरैना में ओले भी गिरे।मौसम विभाग ने आज शुक्रवार को ग्वालियर समेत 17 जिलों के लिए आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। गुरुवार को सुबह से लेकर देर रात तक कई इलाकों में रुक-रुक कर बारिश होती रही। भोपाल, ग्वालियर, सतना, श्योपुर, टीकमगढ़, रायसेन, बालाघाट, छतरपुर, मुरैना, सागर, पन्ना, मैहर, उमरिया और रीवा जैसे जिलों में कहीं तेज आंधी चली तो कहीं बारिश और ओलावृष्टि देखने को मिली। राजधानी भोपाल में तेज हवाओं के कारण कोलार रोड सहित कई क्षेत्रों में पेड़ उखड़ गए, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ।

शुक्रवार को ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, सिवनी और बालाघाट में आंधी और बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं, भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, आलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, रीवा, सतना, मैहर, पन्ना, कटनी, दमोह, जबलपुर, सागर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में फिलहाल गर्मी का असर बना रहेगा।




## स्मार्ट मीटर पर बवालः आगरा, मेरठ और फिरोजाबाद में सड़कों पर उतरे लोग, मीटर उखाड़े



आगरा (ए.)। उत्तर प्रदेश के कई शहरों में स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर जनाक्रोश तेज हो गया है। आगरा, मेरठ और फिरोजाबाद में हजारों उपभोक्ता सड़कों पर उतर आए और विरोध प्रदर्शन करते हुए कई जगह स्मार्ट मीटर उखाड़कर फेंक दिए।प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल में अचानक भारी बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम लोगों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि बिना पर्याप्त जानकारी और सहमति के मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।कई इलाकों में प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी और हंगामे की स्थिति बनी रही। हालात को काबू में रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया और प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। वहीं, बिजली विभाग का कहना है कि स्मार्ट मीटर सटीक और पारदर्शी बिलिंग के लिए लगाए जा रहे हैं।

## सीएम मोहन यादव करेंगे हिंदी पत्रकारिता के 200 साल पर महाविमर्श का शुभारंभ



भोपाल(निप्र.)। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय और वीर भारत न्यास की संयुक्त पहल पर 'प्रणाम! उदंत मार्तण्ड' शीर्षक से तीन दिवसीय राष्ट्रीय विमर्श 8, 9 और 10 मई 2026 को भारत भवन, भोपाल होगा। शुभारंभ 8 मई को प्रातः 10:30 मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव करेंगें। विषय प्रवर्तन वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व सूचना आयुक्त उदय माहूरकर करेंगे तथा अध्यक्षता आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण (अयोध्या) करेंगे। इस मीडिया कुंभ में देश के 9 राज्यों से विभिन्न भारतीय भाषाओं के 60 से अधिक पत्रकार, संपादक, लेखक, एंकर, विचारक, शिक्षाविद् और मीडिया विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे। सत्रों में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, अधिवक्ता एवं लेखक जे.साईं दीपक, वरिष्ठ पत्रकार जे. नंदकुमार, विष्णुप्रकाश त्रिपाठी, नगमा सहर, सईद अंसारी, उदय सिन्हा, अमिताभ अग्निहोत्री, जयंती रंगनाथन, डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह, प्रो. कृपाशंकर चौबे, प्रो.सोमा बंदोपाध्याय, विकास मिश्र, प्रफुल्ल केतकर, प्रत्यूष रंजन, डॉ. सी. जयशंकर बाबु, शैलेश पाण्डेय, हितेश शंकर, प्रतीक त्रिवेदी, राशिद किदवई, अनिल पाण्डेय, दिलीप शर्मा, शरद गुप्ता, सलमान रावी के अलावा 'गुल्लक' के लेखक दुर्गेश सिंह भी शामिल होगें। चर्चा सत्रों में डिजिटल समय में टीवी पत्रकारिता, भारतीय पत्रकारिता का वैचारिक अधिष्ठान, भूमंडलीकरण के बाद का भारत और मीडिया, नए भारत का निर्माण, भारतीय भाषाओं का राष्ट्रीय स्वर जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इस अवसर दो सौ वर्षों की पत्रकारिता की गौरवशाली यात्रा पर केंद्रित समाचार पत्रों की प्रदर्शनी भी लगेगी। साथ ही देश के आठ वरिष्ठ कार्टूनिस्ट अपना लाइव कार्टून शो करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजयमनोहर तिवारी ने बताया कि यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय संविमर्श हिंदी पत्रकारिता की ऐतिहासिक यात्रा को स्मरण करते हुए उसके मूल्यों, चुनौतियों और संभावनाओं पर गंभीर विमर्श का मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम में भारत भवन,दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान, मप्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद भी सहयोगी हैं।

## रेलवे भर्ती बोर्ड, भोपाल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित




भोपाल (निप्र)। रेलवे भर्ती बोर्ड, भोपाल कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक श्रीमती रश्मि दिवाकर, अध्यक्ष, रेलवे भर्ती बोर्ड, भोपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मार्च 2026 तक की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में संपर्क राजभाषा अधिकारी एवं सहायक सचिव अनिल कुमार सिन्हा ने समिति अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों को बैठक की औपचारिक जानकारी प्रदान की। तत्पश्चात सदस्य सचिव नीरज कुमार राजपूत ने श्रीमती रश्मि दिवाकर का पौधा भेंटकर स्वागत किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्रीमती रश्मि दिवाकर ने कहा कि देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी भारत संघ की राजभाषा है तथा प्रशासनिक कार्य आमजन की भाषा में ही संचालित होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय सरकारी कर्मचारी होने के नाते यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि भर्ती प्रक्रिया के साथ-साथ गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 हेतु निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सकारात्मक प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। बैठक के दौरान रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली के निर्देशानुसार विश्व धरोहर दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के क्रम में कार्यालय के राजभाषा अनुभाग द्वारा भारतीय रेल की विश्व धरोहर एवं उनका संरक्षण विषय पर हिंदी में पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी गई, जिसकी सभी उपस्थित सदस्यों ने सराहना की। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ अनुवादक राकेश कुमार मालवीय द्वारा किया गया।

## मध्यप्रदेश पुलिस की संपत्ति संबंधी अपराधों पर बड़ी कार्रवाई

### मंडला एवं इंदौर में सराफा व्यापारियों से हुई चोरी का किया खुलासा

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश में संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी के परिणामस्वरूप मंडला एवं इंदौर पुलिस ने सराफा व्यापारी से हुई लाखों रुपये की चोरी की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए लगभग 67 लाख रुपए से अधिक के सोने चांदी के आभूषण, नगदी एवं वाहन जब्त किए है।

मंडला : जिले के पिंडरई बाजार में सराफा व्यापारी से हुई चोरी का पर्दाफाश करते हुए अंतरजिला सक्रिय गैंग के 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 52 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की है। 25 अप्रैल को फरियादी पवन कुमार सोनी निवासी कन्हरगांव द्वारा चौकी पिंडरई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि वह पिंडरई बाजार में सराफा दुकान लगाने आया था, तभी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके बैग में रखे सोने-चांदी के आभूषण, नगदी, गिरवी रजिस्टर एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर लिए गए। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपए बताई गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का सूक्ष्म विश्लेषण, तकनीकी साक्ष्य संकलन एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की गई। पुलिस द्वारा सतत पूछताछ एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर 3 आरोपी एवं 2 विधि विरुद्ध बालकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण, नगदी एवं घटना में प्रयुक्त वाहन सहित लगभग 52 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की गई।

इंदौर : इंदौर के सराफा क्षेत्र में ज्वेलर्स से हुई चांदी चोरी की घटना का पुलिस द्वारा त्वरित खुलासा कर प्रकरण में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से लगभग 15 लाख रुपए से अधिक के आभूषण, एक स्कूटी एवं मोबाइल जप्त किए हैं। मध्यप्रदेश पुलिस आमजन से अपील करती है कि बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अपने कीमती सामान की सुरक्षा के प्रति सजग रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे अपराधों की रोकथाम में जनसहभागिता सुनिश्चित की जा सके।

## अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वन्य-जीव बाघ की तस्करी करने वाली महिला आरोपी यांगचेन की जमानत याचिका निरस्त

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश में वन एवं वन्य-जीव संरक्षण के लिये लगातार समग्र प्रयास किये जा रहे हैं। इसी दिशा में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश एवं वन्य-जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो नई दिल्ली ने 10 साल से वांछित, अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर यांगचेन लाचुंगपा को 2 दिसम्बर, 2025 को भारत-चीन की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास लाचुंग, मंगन जिला उत्तर सिक्किम से कई महीनों की कड़ी मेहनत के बाद गिरफ्तार किया गया। आरोपी यांगचेन के विरुद्ध जुलाई-2015 में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम में बाघ एवं पेंगोलिन के अवैध शिकार और बाघ की हड्डियों व पोंगोलिन के स्केल की नेपाल के रास्ते चीन में अवैध तस्करी करने वाले गिरोह के विरुद्ध 13 जुलाई, 2015 को प्रकरण दर्ज किया गया था। इसमें आरोपी यांगचेन लाचुंगपा वांछित थी। प्रकरण की गंभीरता के कारण वन विभाग ने इसे स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स को विवेचना के लिये सौंप दिया था। एसटीएसएफ ने एक संगठित एवं अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश किया, जिसमें अभी तक कुल 31 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इन आरोपियों में यांगचेन अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्करी गिरोह की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसका नेटवर्क भारत, भूटान और चीन तक फैला हुआ है। आरोपी यांगचेन के गिरोह के कई देशों में फैले नेटवर्क को देखते हुए भारत सरकार के अनुरोध पर इंटरपोल द्वारा आरोपी यांगचेन के विरुद्ध रेड नोटिस भी जारी किया गया है। यांगचेन मूल रूप से चीन के स्वायत्त क्षेत्र तिब्बत की निवासी है और भारत में मुख्यत- दिल्ली एवं सिक्किम राज्यों में रहती है। यांगचेन को सितम्बर-2017 में पकड़ कर ट्रांजिट रिमाण्ड के लिये पेश किया गया था, लेकिन न्यायालय से अंतरिम जमानत मिलने के बाद वह फरार हो गई। इसकी अग्रिम जमानत को मध्यप्रदेश के उच्च न्यायालय जबलपुर ने भी वर्ष 2019 में खारिज कर दिया था। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-जीव (एसटीएसएफ) ने बताया कि प्रकरण में शामिल आरोपी यांगचेन द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर में पहली बार जमानत याचिका वर्ष 2026 में दायर की, जिसे उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश द्वारा स्टेट टाइगर फोर्स भोपाल द्वारा की गई सटीक विवेचना एवं अभियोजन पक्ष द्वारा दी गई दलीलों एवं आरोपी की वन्य-प्राणियों की तस्करी के अंतर्राष्ट्रीय गिरोह से संबद्ध होकर अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील प्रकृति के आधार पर इनकी जमानत निरस्त कर दी गई है। प्रकरण में विवेचना जारी है।

# बरगी क्रूज़ दुर्घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### दुर्घटना की जांच करेगी उच्च स्तरीय जांच समिति

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर जिले के बरगी में हुए क्रूज़ दुर्घटना पर गहन शोक व्यक्त कर इसे दुर्भाग्यपूर्ण और अत्यंत पीड़ादायक बताया। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में राज्य सरकार प्रत्येक पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में लापरवाही करने वाले दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। क्रूज पायलट महेश पटेल, हेल्पर छोटेलाल गोंड और टिकट काउंटर प्रभारी बृजेन्द्र की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है। होटल मैकल रिसार्ट और मैनेजर बोट क्लब बरगी सुनील मरावी को लापरवाही के लिये निलंबित कर दिया गया है। साथ ही रीजनल मैनेजर संजय मल्होत्र को मुख्यालय अटैच कर विभागीय जांच संस्थित कर दी गई



है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुर्घटना के दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जायेगा। पीड़ित परिवारों की सरकार हरसंभव सहायता करने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने व्यथित मन से कहा कि जिन परिजनों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उसकी भरपाई संभव नहीं है। कठिन समय में पीड़ितों के परिजन खुद को कतई अकेला न समझें। सरकार की ओर से सहायता राशि दी जा रही है। शासन-प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि दु:ख की इस घड़ी उनके साथ हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को जबलपुर के बरगी में घटनास्थल का मौका मुआयना करने और पीड़ित परिवारों से मिलने के बाद स्थानीय मीडिया को संबोधित करते हुए यह बातें कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुर्घटना के हर पहलू की गहनता से जांच के लिये उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की जा रही है। समिति में महानिदेशक होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा, सचिव मध्यप्रदेश शासन, आयुक्त जबलपुर संभाग शामिल किए गए हैं। यह समिति तीन बिंदुओं पर दुर्घटना की बारीकी से जांच करेगी, जिसमें दुर्घटना के कारण, क्रूज संचालन के नियम सहित अन्य जरूरी जानकारियां भी जुटाई जाएंगी।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर के बरगी डैम दुर्घटना स्थल पर पहुँचकर राहत एवं बचाव कार्य संबंधी पड़ताल की।

## चलती कार बनी आग का गोला, बड़ा हादसा टला



भोपाल(ए.)। पुराने शहर में शुक्रवार शाम को किलोल पार्क के पास उस समय हड़कंप मच गया जब यहॉ चलती कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर पहुचीं फायर ब्रिगेड और नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कार जलकर पूरी तरह राख हो गई। गनीमत रही कि कार सवार समय रहते जान बचाकर बाहर निकल आये और हादसे में कोई जनहानी नहीं हुई वरना बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल आग लगने के कारणो का पता नहीं चल सका है, जिसकी जॉच की जा रही है।

## कक्षा 9वीं, 11वीं की द्वितीय परीक्षा 3 जून से

### स्कूल शिक्षा विभाग, लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी की समय-सारिणी



भोपाल( निप्र)। प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग, लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं एवं 11वीं की द्वितीय परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। कक्षा 9वीं की परीक्षा 3 जून से शुरू होगी और 12 जून तक चलेगी, जबकि कक्षा 11वीं की द्वितीय परीक्षा भी 3 जून से शुरू होगी और 13 जून को समाप्त होगी। परीक्षा को लेकर संचालनालय द्वारा दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। वार्षिक परीक्षा में एक या एक से अधिक विषयों में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। कक्षा 9वीं में गणित विषय की परीक्षा विद्यार्थियों द्वारा माध्यमिक शिक्षा मण्डल के नामांकन में चयनित Standard गणित / Basic गणित के अनुसार आयोजित की जाएगी।

## जीतू पटवारी का केंद्र सरकार पर हमला, कहा- चुनाव के बाद राहत नहीं, बढ़ती महंगाई से जनता बेहाल



भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने देश में लगातार बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय किए गए वादों के विपरीत आज आम जनता को राहत नहीं, बल्कि महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है। जीतू पटवारी ने शुक्रवार को मीडिया में जारी अपने बयान में कहा कि बहुत हुई महंगाई की मार, अबकी बार मोदी सरकार का नारा देने वाली भाजपा सरकार आज महंगाई को चरम पर पहुंचाने में लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि फरवरी से अब तक व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दामों में करीब 1,380 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है, जो लगभग 81 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाती है।उन्होंने कहा कि रसोई गैस और व्यावसायिक गैस दोनों के दाम बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। केन्द्र सरकार की योजनाओं पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना के जरिए राहत देने के दावे अब महंगे सिलेंडर के बोझ तले दब गए हैं। पटवारी ने कहा कि व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमत तीन हजार रुपये के पार पहुंचने से होटल, ढाबों और छोटे व्यापारियों की लागत बढ़ गई है, जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। खाने-पीने की चीजें महंगी हो गई हैं और रोजमर्रा का खर्च तेजी से बढ़ रहा है उन्होंने देश में बढ़ती बेरोजगारी और आर्थिक संकट को भी गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा और व्यापारिक गतिविधियां कमजोर पड़ रही हैं। पटवारी ने आरोप लगाया कि देश में बढ़ती महंगाई और आर्थिक अव्यवस्था के लिए केंद्र की भाजपा सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आम जनता की आवाज बनकर इन मुद्दों को उठाती रहेगी और राहत दिलाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

### पिछले 48 घंटे में 4 लाख किसानों द्वारा रिकार्ड 50.51 लाख मे. टन के स्लॉट बुक : खाद्य मंत्री श्री राजपूत

भोपाल (ए.)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्णय एवं निर्देश तथा विभागीय प्रयास के फलस्वरूप पिछले 48 घंटों में लगभग 4 लाख किसानों द्वारा 50.51 लाख मे.टन मात्रा के स्लॉट बुक कराए गए। किसानों के हित में गेहूँ उपार्जन की अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई 2026 तक की गई। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 की गई तथा तौल कांटों की संख्या में वृद्धि का अधिकार जिलों को दिए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही एनआईसी सर्वर की क्षमता एवं संख्या में वृद्धि कराई गई। खाद्य विभाग द्वारा प्रति घंटा स्लॉट बुकिंग एवं उपार्जन की मॉनीटरिंग की जा रही है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि अभी तक प्रदेश में 6.04 लाख किसानों से 28.53 लाख मे. टन गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को 4812.80 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिए पीने का पानी, बैठने के लिए छायादार स्थान, जन सुविधाए आदि की व्यवस्थाएँ की गई हैं।

## आरटीई के अंतर्गत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की प्रक्रिया 4 मई से

### राज्य शिक्षा केंद्र ने द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में जारी किए दिशा निर्देश

भोपाल (ए.)। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रदेश में आरटीई के अंतर्गत निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की प्रक्रिया 4 मई से शुरू होगी। स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयव को निर्देश जारी कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12 (1) (ग) के अंतर्गत पात्र बच्चों को अशासकीय, गैर-अनुदान प्राप्त निजी विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश प्रदान किया जाता है। प्रदेश में आरटीई के तहत प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। प्रथम चरण की प्रक्रिया के बाद जिन विद्यालयों में सीटें रिक्त रह गई हैं, उन सभी विद्यालयों को उनकी रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है। द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया में कोई नया पंजीयन नहीं होगा राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक श्री हरजिंदर सिंह ने बताया कि द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया में कोई नया पंजीयन नहीं किया जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए केवल उन्हीं आवेदकों को शामिल किया जाएगा, जिन्होंने पहले चरण में आवेदन किया था। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2026 को अवकाश निर्धारित होने तथा संशोधन उपरांत 30 मार्च 2026 को अवकाश घोषित किए जाने के कारण कुछ अभिभावक अपने बच्चों का दस्तावेज़ सत्यापन निर्धारित समय पर नहीं करा सके। ऐसे में बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐसे सभी आवेदकों को एक और अवसर दिया गया है। जिन विद्यार्थियों ने इस सत्र में आवेदन किया है लेकिन सत्यापन नहीं करा पाए हैं, वे आवेदन के समय चयनित जनशिक्षा केंद्र पर जाकर सत्यापन करा सकते हैं। सत्यापन में पात्र पाये जाने पर संबंधित आवेदक द्वितीय चरण में स्कूलों की चॉइस अपडेट कर सकेंगे।

### मप्र में अब तक 80 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुक

भोपाल ( निप्र)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में गेहूँ उपार्जन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। किसान भाइयों ने बड़ी संख्या में स्लॉट बुक किए हैं। अब तक 80 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूँ उपार्जन के लिए स्टॉल बुक हो चुके है। यह एक सकारात्मक संदेश है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्टॉल बुकिंग का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के किसानों से गेहूँ उपार्जन करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केन्द्रों पर सभी संभव व्यवस्थाएं की गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गेहूँ उपार्जन प्रक्रिया में व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के लिए आकस्मिक निरीक्षण लगातार चलता रहेगा और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने समत्व भवन ( मुख्यमंत्री निवास ) में सौजन्य भेंट की।

## 24वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप का 2 मई से शुभारंभ

### म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी में होगा राष्ट्रीय स्तर का आयोजन

भोपाल (ए.)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश के अंतर्गत संचालित म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी, भोपाल में 24वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप (राइफल) का आयोजन 2 मई से 15 मई 2026 तक किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के तत्वावधान में आयोजित हो रही है, जिसमें देशभर से बड़ी संख्या में खिलाड़ी सहभागिता कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता में 42 राज्यों, सेना एवं अर्धसैनिक बलों के लगभग 3000 बालक-बालिकाएं, महिला एवं पुरुष खिलाड़ी 10 मीटर एयर राइफल एवं 50 मीटर राइफल स्पर्धाओं के यूथ, जूनियर एवं सीनियर वर्गों में भाग ले रहे हैं। यह आयोजन भारतीय शूटिंग खेल की समृद्ध परंपरा, अनुशासन एवं उत्कृष्टता का प्रतीक है। प्रतियोगिता में देश के ख्यातिप्राप्त ओलंपियन एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जैसे स्वप्निल कुशाले, ऐश्वर्य प्रताप सिंह, अंजुम मुद्गिल, स्मृति कौर, इला वेनिल सहित कई प्रतिष्ठित निशानेबाज अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, जिससे प्रतियोगिता का स्तर और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक एवं आकर्षक बनेगा।

# 05 मई से एलटीटी-अयोध्या कैंट और 06 मई से अयोध्या कैंट एलटीटी अमृत भारत ट्रेन की नियमित सेवाएं प्रारम्भ

भोपाल (निप्र)। भारतीय रेल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए आम आदमी के लिए डिज़ाइन की गई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू किया गया है, जो मध्य प्रदेश के रास्ते उत्तर प्रदेश को महाराष्ट्र से जोड़ेगी। अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन आराम, सुविधा और किफ़ायती यात्रा का एक अनूठा मिश्रण प्रदान करती है, जो देश में समावेशी और सुलभ रेल यात्रा की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली 05वीं अमृत भारत एक्सप्रेस को रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 22111/22112 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के मध्य अमृत भारत एक्सप्रेस साप्ताहिक नई ट्रेन सेवा की शुरुआत की गई थी। इस नई अमृत भारत ट्रेन का नियमित संचालन 05 मई 2026 से लोकमान्य तिलक टर्मिनस और 06 मई 2026 से अयोध्या कैंट स्टेशन से प्रारम्भ हो रही है। यह नई अमृत भारत ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, जबलपुर एवं सतना स्टेशनों से होकर गंतब्य को जाएगी, जिसकी विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है :- गाड़ी संख्या 22111 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या

### मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहराव



कैंट अमृत भारत एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन 05 मई 2026 से प्रत्येक मंगलवार को प्रारम्भिक स्टेशन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से सुबह 07:55 बजे रवाना होकर इटारसी रात 20:00 बजे, जबलपुर रात्रि 23:30 बजे, पहुँचकर दूसरे दिन सतना 02:05 बजे और बुधवार को सुबह 10:15 बजे अयोध्या कैंट पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 22112 अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन 06 मई 2026 से प्रत्येक बुधवार को प्रारम्भिक स्टेशन अयोध्या कैंट से दोपहर 13:50 बजे रवाना होकर निर्धारित मार्ग से होते हुए सतना रात 20:45 बजे, जबलपुर रात्रि 23:55 बजे, पहुँचकर दूसरे दिन इटारसी 03:50 बजे और गुरुवार को दोपहर 15:45 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी।

ठहराव :- ठाणे, कल्याण जंक्शन, नासिक रोड, जलगांव जंक्शन, भुसावल जंक्शन, इटारसी जंक्शन, जबलपुर, सतना जंक्शन, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज जंक्शन, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन एवं सुल्तानपुर । कोच संरचना :- इस ट्रेन में 08 शयनयान श्रेणी, 11 सामान्य श्रेणी एवं 2 एसएलआरडी, 1 पेन्ट्रीकार के कोच सहित कुल 22 कोच होंगे।

यात्री अमृत भारत नई ट्रेन की नियमित सेवाओं का लाभ उठाएँ। ट्रेन की विस्तृत समय-सारणी से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या रेल मदद मोबाईल एप्प एनटीईएस या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का उपयोग

## खुदाई के दौरान मिला प्राचीन शिवलिंग, श्रद्धालुओं में उत्साह; निर्माण कार्य रोका गया

उज्जैन (ए.)। महाकालेश्वर मंदिर में शुक्रवार सुबह एक ओर जहां भस्म आरती चल रही थी, वहीं दूसरी ओर सिंहस्थ 2028 को लेकर निर्माण कार्य जारी था। इसी दौरान खुदाई करते समय जेसीबी चालक नरेश प्रजापति को मशीन के पंजे में शिवलिंगनुमा आकृति दिखाई दी। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना मंदिर प्रशासन को दी।



जानकारी मिलते ही मंदिर के पुजारी और श्रद्धालु मौके पर पहुंचे। जांच करने पर यह एक अत्यंत प्राचीन शिवलिंग प्रतीत हुआ। इसके बाद पुजारियों के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने भी वहां पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और आशीर्वाद लिया। मंदिर के पुजारी पंडित आशीष शर्मा ने बताया कि इन दिनों सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य जारी है। दत्त मंदिर के सामने महाकालेश्वर मंदिर चौराहा क्षेत्र में खुदाई की जा रही थी, जहां शिवलिंग के साथ कुछ अन्य प्राचीन पत्थर भी मिले हैं। उन्होंने कहा कि उज्जैन बाबा महाकाल की नगरी है, जहां अनेक प्राचीन शिवलिंग मौजूद हैं। हालांकि, यह शिवलिंग कितना पुराना है, इसका सटीक पता पुरातत्व विभाग की जांच के बाद ही चल सकेगा।

# जिंदगी की जंग हारी मां, लेकिन ममता जीत गई : बरगी में मां की पकड़ बच्चे से नहीं छूटी, शव देखकर बचावकर्मी हैरान!

जबलपुर (ए.)। लाइफ जैकेट पहने एक मांञ् और उसके सीने से लिपटा उसका मासूम बेटा। जब दोनों के शव बरगी डैम के पानी से बाहर निकाले गए, तो यह दृश्य देखकर लोगों की रूह कांप उठी। यह मंजर उस दर्दनाक हादसे के बाद का था, जिसने हर किसी को भीतर तक झकझोर दिया।मौके पर मौजूद लोग हों या सोशल मीडिया पर इस तस्वीर को देखने वाले, हर एक शख्स की आंखें नम हो गईं यह भावुक दृश्य देखकर। ये सिर्फ एक हादसा नहीं था, बल्कि ममता की वह आखिरी झलक थी, जो मौत के बाद भी जिंदा रही। मां आखिरी सांस तक उस भयावह त्रासदी से जूझती रही, लेकिन अपने बच्चे को सीने से लगाए रखा। मौत भी उसके आंचल से मासूम को अलग नहीं कर सकी।

ये तस्वीर सिर्फ एक हादसे की कहानी नहीं कहती, बल्कि उस अटूट ममता की गवाही देती है, जो जीवन के पार भी अपने बच्चे को थामे रहती है। राहत-बचाव कार्य में जुटी टीम का वीडियो सामने आया है। जिसमें चार से पांच सदस्यों की टीम सुबह मां व बेटे के शव को बरगी डैम से बाहर निकाल रहे हैं। वीडियो में आप देख सकते हैं कि इतने भयावह पानी और तेज लहरों के बीच बचाव कार्य करना चुनौती पूर्ण बना हुआ है। लेकिन इसके बाद टीमें बचाव की हर एक संभव कोशिश करने में जुटी हुई हैं।

**शव निकालने वालों के पास भी शब्द कम पड़ गए**

सेना की तरफ से आए बचावकर्मी ने कहा कि क्रूज पलटकर डूब चुका



था। अंदर जानें के बाद जहां से थोड़ी बहुत जगह मिली, वहां से अंदर जाकर शव ढूंढने की कोशिश की। दृश्यता भी काफी कम थी। आधे फीट की दूरी तक भी कुछ नहीं दिख रहा था। अंदर हमने जो मंजर देखा, उसे देखकर हैरान हो गए। महिला को बाहर निकालने की कोशिश की, तो बॉडी बाहर नहीं आ पा रही थी। हमने देखा तो पाया कि उसे सिमटकर एक बच्चा भी था। हम खींचने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उस मां की पकड़ अपने बच्चे से छूट ही नहीं रही थी।

**क्रूज नाव अचानक आए तेज तूफान के कारण पलट गई**

इस हादसे में नौ लोगों के शव मिल चुके हैं। जबकि 28 लोगों को बचा लिया गया है। वहीं, छह लोग अब भी लापता हैं। आज सुबह मिली जानकारी के अनुसार, क्रूज में कुल 43 लोग सवार थे। अधिकारियों के मुताबिक, गुरुवार शाम 29 यात्रियों और दो चालक दल के सदस्यों को लेकर जा रही क्रूज नाव अचानक आए तेज तूफान के कारण पलट गई। तेज हवाओं और ऊंची लहरों के बीच नाव संतुलन खो बैठी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यात्रियों ने नाव किनारे लगाने की गुहार लगाई, लेकिन आवाज चालक दल तक नहीं पहुंच सकी और हादसा हो गया।


**दो दशक पुराना है क्रूज**

मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग के अधिकारी योगेंद्र रिछारिया ने मीडिया को बताया कि इस क्रूज का निर्माण 2006 में किया गया था। इसमें 60 यात्रियों की बैठने की क्षमता है।

**बच्ची ने क्या बताया?**

ज्यूलियस नामक यात्री ने बताया कि हम छह लोग सवार थे। वह अपनी पत्नी, बेटी, दामाद व नातिन व नाती के साथ क्रूज में सवार हुए थे। क्रूज यात्रा के दौरान सुरक्षा का कोई ध्यान नहीं रखा गया था। जब क्रूज डूबने लगा, तब यात्रियों को लाइफ सेविंग जैकेट दी गई। क्रूज के डूबने से पहले कई यात्री जैकेट तक नहीं पहन पाए थे। इस हादसे में उनकी पत्नी मधु की मौत हो गई।

## प्रेम प्रसंग से आहत नाबालिग 150 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ी, तीन घंटे की कोशिशों के बाद उतारा



खरगोन (ए.)। बड़वाह थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटघड़ा में एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जब 15 वर्षीय नाबालिग लड़की करीब 150 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गई। इस घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। करीब तीन घंटे तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद प्रशासन और परिजनों की समझाइश से लड़की को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नाबालिग लड़की गांव के ही एक युवक से प्रेम करती थी। हाल ही में युवक की सगाई किसी अन्य स्थान पर तय हो गई, जिससे लड़की काफी आहत और नाराज थी। इसी मानसिक तनाव के चलते उसने यह खतरनाक कदम उठाया और मोबाइल टावर पर चढ़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कुछ दिन पहले भी लड़की ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था, जिससे उसकी मानसिक स्थिति को लेकर चिंता और बढ़ गई थी।

घटना की सूचना मिलते ही बड़वाह एसडीएम सत्यनारायण दर्रे और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टावर के नीचे परिजन रो-रोकर बेहाल थे, जबकि अधिकारी लगातार लड़की को समझाने का प्रयास कर रहे थे। काफी देर तक बातचीत के बावजूद जब लड़की नीचे उतरने को तैयार नहीं हुई, तब उसके जीजा और मोबाइल टावर के एक कर्मचारी ने अपनी जान जोखिम में डालकर टावर पर चढ़ने का निर्णय लिया। दोनों ने ऊपर पहुंचकर लड़की से काफी देर तक बातचीत की और उसे समझाया। आखिरकार उनकी कोशिशें सफल रहीं और लड़की सुरक्षित नीचे उतर आई। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

मामले में एक और मोड़ तब आया जब लड़की की मांग पर उसका प्रेमी मौके पर पहुंचा। हालांकि वहां मौजूद परिजनों ने युवक की पिटाई कर दी, जिसके बाद ग्रामीणों ने उसे वहां से भेज दिया। एसडीएम सत्यनारायण दर्रे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। फिलहाल बालिका को सुरक्षित थाने लाकर काउंसलिंग की जा रही है, ताकि उसे मानसिक रूप से संबल मिल सके और भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा न हो।

## खौफनाक मंजर: एक ही अर्थी पर निकले पांच शव, एक ही चिता पर दी गई अंतिम विदाई; कार में जिंदा जले थे पांचों लोग

श्योपुर (ए.)। राजस्थान के अलवर में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हुए भीषण सड़क हादसे ने श्योपुर के चैनपुरा गांव को झकझोर कर रख दिया। हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की जलकर मौत हो गई थी। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे जब एक ही अर्थी पर पांच कार्टन में रखी अस्थियों की अंतिम यात्रा निकली तो पूरा गांव शोक में डूब गया। निजी खेत में एक ही चिता पर पांचों कार्टन रखकर अंतिम संस्कार किया गया। दामाद विनोद आदिवासी ने मुखाग्नि दी।

यह दर्दनाक हादसा बुधवार देर रात लक्ष्मणगढ़ के पास एक्सप्रेस-वे के पिलर 115/300 पर हुआ। श्योपुर के चैनपुरा निवासी पार्वती बाई (55), दामाद संतोष (35), बेटी शशि (30), नाती साक्षी (9) और रिश्तेदार छोटीबाई (79) वैष्णो देवी दर्शन के लिए अर्टिगा कार से निकले थे। रात में कार में भीषण आग लग गई। पांचों की मौके पर ही मौत हो गई। ड्राइवर विनोद मेहरा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसा इतना भयावह था कि शवों की पहचान मुश्किल हो गई। पुलिस ने डीएनए सैंपल लेकर पांच कार्टन में अस्थियां श्योपुर भेजीं।

**आखिरी इच्छा पूरी करने निकला था परिवार**



पार्वतीबाई के पति का 20 साल पहले निधन हो चुका था। उनकी दो बेटियां शशि और रचना हैं। शशि की शादी 18 साल पहले सिरसौद निवासी संतोष से हुई थी। संतोष घर जमाई बनकर परिवार संभालता था। बेटी रचना ने बताया कि मां की मानसिक स्थिति दो साल से ठीक नहीं थी। कुछ दिन पहले उन्होंने कहा था कि अब ठीक हूं, वैष्णो देवी जाना है और फिर गंगाजी स्नान करना है। यही उनकी अंतिम इच्छा थी। इसके लिए 24 अप्रैल को अर्टिगा किराए पर लेकर परिवार निकला था। रचना को भी साथ चलने को कहा, लेकिन गर्मी और बच्चों की वजह से वह नहीं गई। लौटकर गंगा स्नान का कार्यक्रम था, पर उससे पहले ही काल ने सब छीन लिया।

**कार चालक के परिवार पर भी टूटा पहाड़**

कार चला रहे विनोद मेहरा नागदा गांव के रहने वाले थे। वह किराए पर गाड़ी चलाकर परिवार पालते थे। दो बच्चों के पिता विनोद ने करीब 20 हजार रुपये में यात्रा तय की थी। हादसे में उनकी भी मौत हो गई। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। ढाई महीने पहले ही उसके भाई विमल का निधन हुआ था।

**अचानक बना प्लान और चली गई मां**

चैनपुरा में हादसे की खबर मिलते ही मातम पसर गया। पड़ोसी जुबराज आदिवासी ने बताया कि उनकी मां छोटीबाई कुछ दिन पहले ही श्योपुर आई थीं। अचानक यात्रा का प्लान बना और संतोष के कहने पर वह भी साथ चली गईं।

## व्यापार समाचार

# वैश्विक तनाव और महंगे क्रूड का असर, क्या देश में जल्द बढ़ सकते हैं पेट्रोल-डीजल के दाम?

नई दिल्ली (ए.)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल और भू-राजनीतिक तनाव के बाद, भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में जल्द ही बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि लगभग चार साल से खुदरा कीमतों पर लगी रोक के कारण तेल कंपनियों को हो रहे भारी घाटे को देखते हुए निकट भविष्य में कीमतों में इजाफा होने की पूरी संभावना है।

**भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल में उबाल**

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें इस सप्ताह 126 डॉलर प्रति बैरल के चार साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं थीं। हालांकि बाद में इनमें थोड़ी नरमी आई, लेकिन यह 110 डॉलर प्रति बैरल के पार बनी हुई हैं। इस उछाल का प्रमुख कारण 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किया गया हमला और उसके बाद तेहरान की जवाबी कार्रवाई है, जिसने




होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी ढंग से बंद कर दिया है।

यह मार्ग दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक है, जो फारस की खाड़ी को वैश्विक बाजारों से जोड़ता है और दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से (20%) के तेल व्यापार के साथ-साथ तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की महत्वपूर्ण मात्रा को संभालता है। इसके अलावा, रुकी हुई शांति वार्ता के बीच अमेरिकी तथा ईरानी नेताओं के बीच लगातार हो रही बयानबाजी से भी आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। स्थिति यह है कि पिछले साल जो कच्चा तेल 70 डॉलर प्रति बैरल था, इस महीने उसका औसत 114 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गया है।

**तेल कंपनियों का बढ़ता घाटा**

अप्रैल 2022 की शुरुआत से देश में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें स्थिर हैं, हालांकि इस अवधि के दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। पेट्रोलियम मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, वैश्विक कीमतों में उछाल के बावजूद पंप की कीमतें लगभग चार वर्षों तक स्थिर रहने के कारण सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं को पेट्रोल पर लगभग 20 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर लगभग 100 रुपये प्रति लीटर का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।




## महाराष्ट्र दिवस के उपलक्ष में 1 मई को भारतीय शेयर बाजार बंद

**- इक्विटी, डेरिवेटिव्स समेत सभी सेगमेंट में ट्रेडिंग ठप; सोमवार को शुरू होगा कारोबार**

मुंबई (ए.)। महाराष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार 1 मई को भारतीय शेयर बाजार बंद रहे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर इक्विटी, डेरिवेटिव्स समेत सभी सेगमेंट में ट्रेडिंग व सेटलमेंट गतिविधियां पूरी तरह ठप रहीं। भारतीय शेयर बाजार में इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स, सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग (एसएलबी) और इंटरेस्ट रेट डेरिवेटिव्स सहित सभी तरह की ट्रेडिंग बंद रही। हालांकि, कमोडिटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट का शाम का सत्र (शाम 5 बजे से रात 11:30/11:55 बजे तक) खुला रहेगा। अब बीएसई और एनएसई पर ट्रेडिंग सोमवार, 4 मई को सामान्य समय पर शुरू होगी। मई महीने में 28 मई को बकरीद के कारण एक और बाजार अवकाश रहेगा। वैश्विक स्तर पर भी 1 मई को मजदूर दिवस के कारण एशिया और यूरोप के कई प्रमुख शेयर बाजार बंद रहे। इनमें चीन, हांगकांग, सिंगापुर, थाईलैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली और पोलैंड जैसे देश शामिल हैं, जहां आज कारोबार नहीं हुआ। हालांकि, ब्रिटेन (यूके) और अमेरिका के शेयर बाजार अपने निर्धारित समय पर खुले हैं और वहां सामान्य ट्रेडिंग जारी रही।




## कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 993 रुपए महंगा, दिल्ली में 3000 के पार

**- एक मई से लागू हुई नई दरें, तीन महीने में तीसरी बढ़ोतरी**

नई दिल्ली (ए.)। मई महीने की शुरुआत के साथ ही व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर (19 किलोग्राम) की कीमतों में उपभोक्ताओं को बड़ा झटका लगा है। 1 मई से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 993 रुपए महंगा हो गया है, जिससे दिल्ली में इसकी कीमत 3,071.50 रुपए और मुंबई में 3,024 रुपये हो गई है। इस बड़ी बढ़ोतरी का सीधा असर कारोबारियों की लागत पर पड़ेगा। यह बढ़ोतरी अंतरराष्ट्रीय बाजार में जारी अस्थिरता के बीच हुई है और ईरान युद्ध शुरू होने के बाद यह लगातार तीसरी बार है जब कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं। मार्च में 144 रुपए और अप्रैल में लगभग 200 रुपए की बढ़ोतरी के बाद, यह अब तक की सबसे बड़ी मासिक वृद्धि है। राहत की बात यह है कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस मूल्य वृद्धि का सबसे अधिक असर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे और कैटरिंग जैसे व्यवसायों पर पड़ेगा, जिनकी परिचालन लागत में सीधा इजाफा होगा। ऐसी आशंका है कि कारोबारी बढ़ी हुई लागत का बोझ अंततः उपभोक्ताओं पर डाल सकते हैं, जिससे बाहर खाना, स्नैक्स और फूड डिलीवरी जैसी सेवाएं महंगी हो सकती हैं।

## 2025-26 सीजन में भारत का चीनी निर्यात 7.5-8 लाख टन रहने का अनुमान, जानें रिपोर्ट में क्या



नई दिल्ली (ए.)। भारत मौजूदा 2025-26 विपणन सत्र (अक्तूबर-सितंबर) में केवल 7.5 से 8 लाख टन चीनी का निर्यात कर सकता है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने प्रतिकूल वैश्विक मूल्य समता को इसका कारण बताया है। विश्व का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश मिलों के बीच आनुपातिक रूप से वितरित कोटा के माध्यम से निर्यात को सरकारी नियंत्रण में रखता है। 2025-26 के लिए, खाद्य मंत्रालय ने शुरू में 15 लाख टन निर्यात की अनुमति दी, फिर 5 लाख टन का अतिरिक्त कोटा खोला, जिसमें से केवल 87,587 टन को ही मंजूरी मिली।

अधिकारी ने कहा, "पूरे सीजन में लगभग 7.5-8 लाख टन माल की भौतिक खेप आने की संभावना है। फिलहाल निर्यात के लिए वैश्विक कीमतों में कोई समानता नहीं है।"

अधिकारी ने आगे बताया कि भारत 3 मार्च तक 5 लाख टन का निर्यात कर चुका है और मिलों द्वारा पूरे सीजन के निर्यात कोटा का उपयोग करने की संभावना नहीं है, भले ही सीजन की शुरुआत में निर्यात अधिक सक्रिय था।

हाल के वर्षों में घरेलू चीनी खपत के पैटर्न में बदलाव आया है, और मांग में वृद्धि स्थिर हो गई है जबकि खपत की मात्रा में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस प्रवृत्ति के कारण कुल खपत में कमी आई है, जिससे उत्पादन में मामूली सुधार के बावजूद निर्यात के लिए अपेक्षा से अधिक अधिशेष उपलब्ध है। इस सीजन में अब तक घरेलू चीनी उत्पादन 27.5 मिलियन टन तक पहुंच गया है, जबकि कुल उत्पादन 28.2 मिलियन टन रहने का अनुमान है - जो 2024-25 में दर्ज किए गए 26.1 मिलियन टन से थोड़ा अधिक है।

## विमानों का किराया बढ़ने की आशंका: अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के जेट ईंधन 5% महंगे हुए, लगातार दूसरे महीने बढ़े दाम

नई दिल्ली(ए.)। अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के लिए विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमत में शुक्रवार को 5 फीसदी की वृद्धि हुई। कीमतों में लगातार दूसरे महीने उछाल आई है, क्योंकि तेल कंपनियों ने ऊर्जा की वैश्विक कीमतों में वृद्धि को समायोजित तरीके से आगे बढ़ाया है। हालांकि, घरेलू एयरलाइंस के लिए एटीएफ की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ऐसे में अनुमान है कि घरेलू उड़ानों का किराया नहीं बढ़ेगा।

**दो दशक पहले हुआ था कीमतों का विनियमन**

एक मई के फैसले के बाद दिल्ली में एटीएफ की कीमतें 76.55 अमेरिकी डॉलर प्रति किलोलीटर या 5.33 फीसदी बढ़कर 1511.86 अमेरिकी डॉलर प्रति किलोलीटर हो गईं। एक अप्रैल को कीमतों में वृद्धि के बाद जेट फ्यूल एक मई को पांच फीसदी और महंगे हुए, यानी एक माह में दूसरी बार कीमतों में उछाल आया है।

## अप्रैल में जीएसटी संग्रह बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर, आंकड़ा लगभग 2.43 लाख करोड़ रुपये पहुंचा




नई दिल्ली (ए.)। अप्रैल, 2026 में जीएसटी संग्रह बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। सरकार की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक इस साल अप्रैल में पिछले साल की तुलना में साढ़े आठ फीसदी से भी अधिक जीएसटी संग्रह हुआ। ताजा आंकड़ों के मुताबिक जीएसटी संग्रह बढ़कर लगभग 2.43 लाख करोड़ रुपये हो गया है। अप्रैल में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जीएसटी संग्रह 2.43 लाख करोड़ रुपये हो चुका है, जो पिछले साल अप्रैल माह की तुलना में 8.7 फीसदी अधिक है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## दूरगामी परिणाम झेलने तैयार रहना चाहिए

आरबीआई ने जो कहा है, उसका सार है कि पश्चिम एशिया में युद्ध से सप्लाई शृंखला बाधित हो गई है, जिसके दूरगामी परिणाम झेलने के लिए सबको तैयार रहना चाहिए। बैंक ने आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटा दिया है। महंगाई की तगड़ी मार फिर आ पड़ी है, जबकि अर्थव्यवस्था के सारे गुलाबी अनुमान गड़बड़ाते दिख रहे हैं- भारतीय रिजर्व बैंक ने जो कहा है, उसका यही सार है। संदेश यह है कि पश्चिम एशिया में युद्ध ने सप्लाई शृंखला को बाधित रखा दिया है, जिसके दूरगामी परिणाम झेलने के लिए सबको तैयार हो जाना चाहिए। बुधवार को अपनी मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान को 6.9 से घटा कर 6.7 प्रतिशत कर दिया, जबकि मुद्रास्फीति दर के पांच प्रतिशत तक पहुंचने की आशंका जता दी। इसके अलावा आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अर्थव्यवस्था पर मंडरा रहे पांच जोखिमों का जिक्र किया। इनके मुताबिक होरमुज जलमार्ग में आई रुकावट के कारण कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, उर्वरक आदि की उपलब्धता प्रभावित हो रही है, जिसका असर घरेलू उत्पादन पर पड़ेगा। खाड़ी क्षेत्र के प्रभावित होने की वजह से मालवाही जहाजों को लंबे समुद्री रूट लेने पर पड़ रहे हैं, जिससे माल भाड़े और माल डिलिवरी के समय में इजाफा हुआ है। मल्होत्रा ने चेताया कि जो शुरुआत में जिसे आपूर्ति झटका समझा गया है, मध्यम अवधि में वह मांग झटके में तब्दील हो सकता है। आपूर्ति बाधा से चीजें महंगी होंगी, जिससे बाजार में उनकी मांग घटेगी।दरअसल, एमएमसीजी कंपनियों की मार्च की रिपोर्ट से संकेत मिला है कि असल महंगाई रिजर्व बैंक के अनुमान से भी ज्यादा बढ़ने वाली है। इसके मुताबिक कच्चे तेल और अन्य इनपुट सामग्रियों की लागत में बढ़ोतरी के कारण इन कंपनियों ने मार्च में अपने उत्पादों की कीमत 7 से 8 फीसदी तक बढ़ा दी। जानकारों के मुताबिक वैश्विक तनाव जारी रहा, तो आने वाले महीनों में कीमतें 10 से 15 प्रतिशत तक और बढ़ सकती हैं। साथ ही रिजर्व बैंक ने आगाह किया है कि उर्वरकों की कमी का असर कृषि पैदावार पर पड़ेगा, जिससे खाद्य संकट खड़ा हो सकता है। आयात महंगा होने और पूंजी के बाहर जाने के कारण रुपया पहले से झटके खा रहा है। यानी संकट गहरा है, जिसका कोई समाधान सरकार के पास नहीं है।

# (विचार-मंथन) एग्जिट पोल पर प.बंगाल में घमासान



**-सनत जैन**

पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में एसआईआर से लेकर मतदान होने तक चुनाव आयोग, भारतीय जनता पार्टी तथा टीएमसी के बीच में लगातार टकराव देखने को मिला है। पश्चिम बंगाल में जिस तरह से चुनाव आयोग चुनाव करा रहा है, उसकी चर्चा संपूर्ण भारतवर्ष में हो रही है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के चुनाव को लेकर जिस तरह से हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट और ट्रिब्यूनल तक मतदाता और टीएमसी अपनी लड़ाई लड़ रही है। ऐसी स्थिति इसके पहले कभी नहीं देखी गई। तार्किक विसगित के नाम पर पश्चिम बंगाल में पहली बार चुनाव आयोग ने एक करोड़ से अधिक मतदाताओं को मतदाता सूची से बाहर कर दिया था। उसके बाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में लड़ाई लड़ने के बाद अभी भी 62 लाख मतदाताओं को मतदान का अधिकार नहीं मिला। इसको लेकर पश्चिम बंगाल में पिछले कई महीनो से मतदाताओं और राजनीतिक दलों के बीच में तनाव है। चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल को लेकर जो नए-नए नियम बना रहा है। उसको लेकर भी बार-बार टीएमसी को हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जाकर लड़ाई लड़नी पड़ी है। चुनाव आयोग के मामले में न्यायपालिका का रुख हस्तक्षेप करने का नहीं होने से, टीएमसी को न्यायपालिका से जो राहत मिलनी चाहिए थी, वह नहीं मिली। उल्टे मतदाताओं के दस्तावेजों का परीक्षण करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश से ट्रिब्यूनल बनाकर, न्यायपालिका ने न्यायिक अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी। उसके बाद भी मतदाता मतदान करने से वंचित रहे। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ, जो पश्चिम बंगाल में हुआ है। रही-सही कसर अब एग्जिट पोल के माध्यम से पूरी होती हुई दिख रही है। राष्ट्रीय चैनल और कुछ ऐसी सर्वे एजेंसी है, जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सरकार एग्जिट पोल में पश्चिम बंगाल में बना दी है। भाजपा को 190 सीटों पर जीत मिलने का दावा एग्जिट पोल में किया गया, जो जमीनी हकीकत के विपरीत है। पश्चिम बंगाल के दो बांग्ला चैनलों ने भी एग्जिट पोल किया। उसमें 161 सीटें टीएमसी को और भाजपा को 71 सीटें तथा 49 सीटों पर कांटे की टक्कर बताई गई। आनंद बाजार पत्रिका समूह के बांग्ला न्यूज़ चैनल ने टीएमसी को 177 से लेकर 187 सीटें मिलने का अनुमान जताया। वहीं भारतीय जनता पार्टी को 100 सीटे मिलने की संभावना जताई है। एग्जिट पोल में भारी अंतर होने तथा जमीनी हकीकत के विपरीत एग्जिट पोल आने से पश्चिम बंगाल में घमासान शुरू हो गया है। चुनाव आयोग की भूमिका को लेकर टीएमसी बार-बार सवाल खड़े करती रही है। ऐसी स्थिति में मतगणना के पहले टीएमसी ने फार्म 17 का रिकॉर्ड अपने सभी बूथ एजेंट से मंगा लिया है। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल के सभी बूथ में उपयोग में लाई गई ईवीएम मशीन, उनके सीरियल नंबर तथा शुरू और अंतिम मत संख्या का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार कर लिया है। मतगणना स्थल पर टीएमसी के सभी मतगणना एजेंटों को सूची उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि मतगणना के समय किसी किस्म की गड़बड़ी ना हो। पहली बार पश्चिम बंगाल में इस तरह की तैयारी ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने की है। भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत का आरोप टीएमसी हर स्तर पर लगाती आ रही है। ऐसी स्थिति में मतगणना के दौरान टीएमसी के एजेंट किसी भी किस्म की गड़बड़ी रोकने के लिये सजग होंगे। एग्जिट पोल ने एक तरह से मतगणना के पहले आग में घी डालने का काम किया है। भाजपा और चुनाव आयोग को लेकर टीएमसी आक्रामक है। वहीं ममता बनर्जी और टीएमसी के ऊपर चुनाव आयोग और भाजपा आक्रामक है। ऐसी स्थिति में मतगणना के दौरान और मतगणना के पश्चात किस तरह के हालात प. बंगाल में बनेंगे, इसको लेकर अभी से तरह-तरह की चिंता व्यक्त की जाने लगी है। पश्चिम बंगाल में टीएमसी का गांव-गांव तक केडर है। इस बार टीएमसी ने भाजपा चुनाव आयोग से लड़ने की पूरी तैयारी की है। ऐसी स्थिति में मतगणना के दौरान चुनाव आयोग को सजग होने की जरूरत है। गड़बड़ी होने की स्थिति में पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था को संभालना बहुत मुश्किल होगा। वर्तमान स्थिति को देखते हुए चुनाव आयोग को मतगणना और परिणाम घोषित करने में पारिदर्शिता एवं निष्पक्षता से हो, इसका प्रयास करना होगा। ताकि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति सही बनी रहे। चुनाव आयोग ने अभी तक बूथ-विधानसभा में हुए मतदान के आंकड़े सार्वजनिक नहीं किये हैं। जिसके कारण चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर राजनैतिक दलों का चुनाव आयोग पर विश्वास खत्म होता जा रहा है। चुनाव आयोग पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सभी दलों के साथ सहयोग करेगा। तभी चुनाव आयोग की विश्वसनीयता बढ़ेगी। चुनाव आयोग पूर्व की भांति मतदाता सूची से लेकर मतदान और मतगणना के आंकड़ों को सार्वजनिक करना आवश्यक है। चुनाव आयोग को गंभीरता से इस पर विचार करने की जरूरत है।

## (चिंतन-मनन) आत्मबल के लिए

एक गरीब बुढ़िया थी। अपनी झोपड़ी में अकेली रहती थी। उसके पास एक गाय थी। बस उसी के सहारे वह अपना जीवन निर्वाह करती थी। पर्युषण पर्व चल रहा था। वह अपनी झोपड़ी में बैठी-बैठी रोज देखती थी कि गांव के लोग बहुत ठाट-बाट से पूजा की थाल और प्रसाद आदि लेकर लिए मंदिर जा रहे हैं। उन्हें देख कर बुढ़िया सोचती थी, मैं इतनी ठाट से पूजा नहीं कर सकती, मेरे पास पर्याप्त साधन नहीं है। पूजा की इच्छा दब जाती। एक दिन उसने सोचा, यदि पूजा नहीं कर सकती तो आरती तो कर सकती हूं। बस, यह सोच कर वह उठी, अपनी गाय के दूध से निकाला हुआ घी लिया। पड़ोसी के एक कपास के खेत में से थोड़ी-सी रूई ले आई।एक मिट्टी के दीपक में आरती संजोकर चल दी मंदिर की ओर। अत्यंत श्रद्धा भक्ति से उसने आरती की, जिसके परिणाम स्वरूप आगामी भव में उसे अत्यंत ज्ञानी मुनिराज की पर्याय प्राप्त हुई। न कोई उपवास, न कोई व्रत, केवल पवित्र भावना, श्रद्धा और भक्ति से उसे यह प्राप्त हुआ। किसी शक्तिहीन व्रती प्राणी का उपहास मत कीजिए। संभव है, उसमें शक्ति की अल्पता हो पर भक्ति की प्रबलता हो। कोई छोटा बच्चा पवित्र भावना लेकर व्रत करना चाहता है, तो उसे रोकिए मत, करने दीजिए। उसकी भावनाओं को खंडित मत कीजिए, ठेस मत पहुंचाइए। बल्कि उसे व्रत के वास्तविक उद्देश्य को समझा कर उसके इरादे को और दृढ़ बनाइए। तप के मार्ग को सामान्य मत समझिए। कुछ लोग कहते हैं, तप में क्या रखा है? बेकार है? व्यर्थ है। ऐसा वे लोग कहते हैं जिनमें पुरुषार्थ का अभाव है। जो स्वयं पालन नहीं कर सके, उन्हें कहना चाहिए हम तो नहीं कर पाते, पर आप कर रहे हैं, यह अच्छी बात है। आपका कल्याण हो। उसके प्रति कम से कम अपनी भावनाएं पवित्र रखनी चाहिए। तप की सबसे बड़ी पूंजी आत्मशक्ति की उत्पत्ति है। इस आत्मशक्ति के माध्यम से हमारे में विरोध में भी जीने का साहस उत्पन्न होता है।

## नन्हे कदम गढ़ेगें सशक्त भारत का भविष्य- आंगनबाड़ी केंद्रों का नया रूप, नई दिशा

डॉ. दानेश्वरी संभाकर

देश का भविष्य जिन नन्हे कदमों से आगे बढ़ता है, वे आज आंगनबाड़ी केंद्रों में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और मुस्कान के साथ संवर रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्र कभी केवल पोषण और देखभाल तक सीमित माने जाते थे, वे अब प्रारंभिक शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता और ग्रामीण रोजगार के समन्वित मॉडल के रूप में विकसित हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ के जशपुर, सूरजपुर, रायगढ़, महासमुंद, धमतरी, मुंगेली और नारायणपुर जैसे जिलें में दिख रहा यह सकारात्मक बदलाव अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रेरणास्त्रोत बन रहा है।

भवन ही बन गया शिक्षक : 'बिल्डिंग ऐज़ लर्निंग एड' की अभिनव पहल

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) और महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से निर्मित आधुनिक आंगनबाड़ी भवनों ने सीखने के साधन के रूप में भवन की अवधारणा को साकार रूप दिया है। लगभग 11.69 लाख रुपए की लागत से बने इन भवनों में दीवारों, फर्श, सीढ़ियों और खुले स्थानों को शिक्षण सामग्री के रूप में विकसित किया गया है। रंग-बिरंगी चित्रकारी के माध्यम से बच्चों को हिंदी-अंग्रेजी वर्णमाला, अंक, आकृतियाँ, दिशाएँ, जीव-जंतु और स्थानीय परिवेश की जानकारी सहजता से मिल रही है। अब हर दीवारें बोलती हैं, हर कोना सिखाता है आंगनबाड़ी स्वयं एक जीवंत पाठशाला बन गई है।

# हरी खाद-खेती में बढ़ेगा उत्पादन, मिट्टी की सेहत होगी बेहतर

धनंजय राठौर

आज के दौर में टिकाऊ खेती की ओर बढ़ना समय की मांग है। रसायनों के बोझ तले दबती मिट्टी को राहत देने के लिए हरी खाद एक बेहतरीन समाधान बनकर उभरी है। यह न केवल फसलों की पैदावार बढ़ाती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जमीन की उर्वरता को भी सुरक्षित रखती है। मिट्टी बचेगी, तो किसान बचेगा और किसान बचेगा, तो देश समृद्ध होगा।

कृषि विभाग द्वारा किसानों को खेती में हरी खाद के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और उत्पादन में सुधार लाने में मदद मिल सके। विभाग के अनुसार धान के खेतों में लगातार रासायनिक उर्वरकों के अधिक उपयोग से मिट्टी में लाभदायक सूक्ष्म जीवों की गतिविधियां कम हो रही हैं और मिट्टी की संरचना भी प्रभावित हो रही है।

**क्या है हरी खाद?**

हरी खाद वह सहायक फसल है जिसे मुख्य फसल बोने से पहले खेत में उगाया जाता है और फूल आने की अवस्था में ही उसे हल चलाकर मिट्टी में दबा दिया जाता है। ढैंचा, सनई, लोबिया, मूंग और उड़द जैसी फसलें हरी खाद के लिए सबसे उपयुक्त मानी जाती हैं। हरी खाद के तहत कई फसलों का उपयोग किया जाता है जिनमें दलहनी और बिना दलहनी फसलें शामिल होती हैं। हरी खाद के लिए झाड़ियों और पेड़ों की पत्तियों, टहनियों को भी उपयोग में ला सकते हैं, लेकिन इसके लिए विशेष रूप से ढैंचा फसलों का उपयोग किया जाता है। इन फसलों को खेतों में लगाकर भूमि में सुधार किया जाता है।

**मिट्टी की सेहत में सुधार**

हरी खाद का सबसे बड़ा प्रभाव मिट्टी की भौतिक और रासायनिक संरचना पर पड़ता है। यह मिट्टी में नाइट्रोजन और कार्बनिक पदार्थों (ह्यूमस) की मात्रा को तेजी से बढ़ाती है। हरी खाद मिट्टी को भुरभुरा बनाती है, जिससे हवा का संचार बढ़ता है और पौधों की जड़ें गहराई तक जा पाती हैं। इसके उपयोग से मिट्टी की पानी सोखने की शक्ति बढ़ जाती है, जो सूखे के समय फसलों के लिए जीवन रक्षक साबित होती है।

**उत्पादन में वृद्धि और लागत में कमी**

जब मिट्टी स्वस्थ होती है, तो उत्पादन का बढ़ना निश्चित है। हरी खाद के प्रयोग से पैदावार में 15 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि देखी जा सकती है। यूरिया और अन्य रासायनिक खादों पर निर्भरता कम हो जाती है, जिससे किसान की फसल की लागत घटती है। मित्र कीटों से फसल का संरक्षण करता है। यह जमीन के भीतर लाभकारी सूक्ष्मजीवों और केंचुओं की संख्या बढ़ाने में मदद करती है।

**हरी खाद बनाने की सही विधि**


क्षेत्र की जलवायु के अनुसार सनई या ढैंचा का चुनाव करें। बुवाई का समय मानसून की शुरुआत (जून-जुलाई) इसके लिए सबसे उपयुक्त है। जब फसल लगभग 40-50 दिन की हो जाए और उसमें फूल आने लगें, तब उसे पाटा लगाकर या रोटावेटर की मदद से मिट्टी में मिला दें। पलटने के बाद 10-15 दिनों तक खेत में नमी बनाए रखें ताकि खाद अच्छी तरह सड़कर मिट्टी का हिस्सा बन जाए।

**हरी खाद के प्रयोग से बढ़ेगी आय**

हरी खाद केवल एक उर्वरक नहीं है, बल्कि यह मिट्टी का उपचार है। यदि किसान हर दूसरे या तीसरे साल अपने खेत में हरी खाद का प्रयोग करें, तो न केवल उनकी आय बढ़ेगी, बल्कि हम समाज को रसायनों से मुक्त, शुद्ध और पौष्टिक अनाज भी उपलब्ध करा पाएंगे।

**कृषि के लिए एक वरदान हरी खाद**

हरी खाद का उपयोग कृषि के लिए एक ष्वरदानष् के समान है। वर्तमान समय में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उपजाऊ शक्ति कम हो रही है ऐसे में हरी खाद प्राकृतिक तरीके से मिट्टी को पुनर्जीवित करने का सबसे सुलभ विकल्प है।




मेष राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज नौकरी अथवा व्यवसाय में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करे दूसरों के भरोसे काम नहीं छोड़ें। किसी से लिए रुपए को जल्द से जल्द चुकता कर दें। अपने वैवाहिक जीवन में आज ख़ास पल बितायेंगे।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए स्पेशल रहेगा। दांपत्य रिश्ते में चल रही अनबन आज खत्म होगी, एक-दूसरे के साथ रिश्ते में नयी शुरुआत करेंगे। बच्चे आज बेहद खुश रहेंगे, क्योकि माता-पिता उनकी डिमांड आज पूरी कर देंगे। जो लोग प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे है, वे अपने लक्ष्य पर ध्यान दें, जल्द ही सफलता मिलने के योग हैं।

मिथुन राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। ऑफिस के रुके कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज शांत मन से निर्णय लेना बेहतर रहेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज बेटे की किसी परीक्षा का रिजल्ट उसके फेवर में आयेगा। हाई शुगर लेवल की समस्या से परेशान लोग आज अपने खान-पान में परहेज रखें।

कर्क राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके निजी जीवन की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, जिन्हें आप बखूबी पूरा करेंगे। आपका किसी बिजनेस मीटिंग में परफॉर्मेंस अच्छा रहेगा और आसपास के लोग आपसे प्रभावित होंगे जिससे आपको बहुत बड़ा फायदा भी होगा। आज किसी काम में उलझने से बचने के लिए किसी अनुभवी व्यक्ति की सहायता अवश्य लें। पारिवारिक जीवन में सौहार्द बढ़ेगा।

सिंह राशि- आज का दिन आपके सामान्य रहेगा। आपने खर्च को नियंत्रित करके आप अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर कर सकते है। आज आपको कोर्ट कचहरी के मामलों से संभलकर रहने की जरूरत है। आपको अपने कार्यस्थल पर प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है।

कन्या राशि- आज आपका दिन मिला-जुला अनुभव देने वाला रहेगा। दोस्तों के साथ मिलजुल कर रहे। जरूरत पड़ने पर आपको मदद लेनी पड़ सकती है। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी।काफी समय से सोची चीज आज खरीद सकते हैं। आप अपने खाली समय का सदुपयोग नई चीज़े सीखने में करें, जो आपकी उन्नति में योगदान देगा।

तुला राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज हैवी ट्रैफिक की वजह से आपको ऑफिस के लिए लेट हो सकता है। आय की तुलना में व्यय की मात्रा अधिक रहेगी। आज आपके विचारों में सकारात्मक बदलाव आयेगा। आज इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं या मशीनरी के लिए खर्च की संभावना अधिक रहेगी । आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। जिस भी कार्य को करने का सोचेंगे उसमें सफलता जरूर मिलेगी। पिता आपके जिम्मेदार व्यक्तित्व को देखकर गर्व महसूस करेंगे।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपकी इनकम के हिसाब से खर्चे बढ़ेंगे। कार्यों में आ रही रुकावटें आज समाप्त होंगी। आज माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान देने की जरूरत है। आज बच्चे अपने मन की बात अपनी माँ से शेयर करेंगे, तो उनको अपनी परेशानी का हल मिल जायेगा। जिससे उनका मन काफी खुश होगा।

धनु राशि- आज आपका दिन ताजगी भरा रहेगा। पूरी ऊर्जा के साथ काम करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञ सामाजिक कार्यों में रूचि लेंगे। आज नई शुरुआत करने अथवा नौकरी में परिवर्तन के मामले में आप गंभीरता से विचार करेंगे। आज दोस्तों के साथ किसी रेस्टोरेंट में जाने का प्लान बनेगा।

मकर राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। बड़े भाई की सहायता से काम को जल्द और आसानी से पूरा कर लेंगे। आपके घर के वातावरण में सुख समृद्धि बढ़ेगी। प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री से जुड़ा काम आज फाइनल हो जायेगा। आपकी अधिक इनकम से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जो आपके व्यापार में लाभ करायेगा।

कुंभ राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज कुछ नया करने की सोचेंगे। अगर आप प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो मेहनत करते रहे। आपको सफलता जरूर मिलेगी। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी।

मीन राशि- आज आपका दिन मिलीजुली प्रतिक्रिया से भरा रहेगा। आज किसी बात से आप बेहद खुश होंगे। सिंगर्स को किसी एल्बम की प्रसिद्धि के लिए सम्मानित किया जायेगा। अगर आप प्रेजेंटेशन तैयार कर रहे हैं, तो ध्यानपूर्वक करें। इस राशि के लोगों को काम के साथ स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना चाहिए।

# एंग्जाइटी से बचने के लिए ध्यान जरुरी

**- संजय गोस्वामी /**

आजकल एंग्जाइटी के रोग बढ़ने लगे है एंग्जाइटी डिस्ऑर्डर से पीडित व्यक्ति हर वक्त डरा रहता है, उसे घबराहट महसूस होती है और उसके हाथ पैर कांपने लगते हैं। उसे नींद न आने की परेशानी होने लगती है और उसे लगातार पसीना भी आता है। धीरे धीरे धीरे ये सभी लक्षण इतने आम हो जाते हैं कि व्यक्ति एंग्जाइटी डिस्ऑर्डर का शिकार हो जाता हैजब भी डर लगता है तो एंग्जाइटी रोग उत्पन्न होता है। यह या तो किसी गलत कार्य के कारण होता है या फिर क़ोई बुरी घटना के कारण होता है मैं यह नहीं जानता हूं यह डर क्या एक अविद्या है। क्योंकि डर में आपका विवेक ख़त्म होने लगता है और दवा से यह और भी खतरनाक हो जायेगा क्योंकि दवाई कुछ देर के लिए राहत तो देती है लेकिन डॉ का चक्कर से बीमारी और भी बढ़ जाती है इसलिए ध्यान जरुरी है इसमें क्या *मैं हूं* यह जान सकता हूं और संसार में कैसे कैसे लोग हैं जो कुछ सकारात्मक विचार रखते हैं लेकिन आधे से अधिक नकारात्मक और बीमारी को गंभीर बना देते है इसलिए पहले डर को ख़त्म कर अपने मन को नियंत्रण करना सीखे। जो भी जाना, सुना जाता है वह बुद्धि द्वारा होता है और मेरे से अलग होता है। अन्ताकरण-मन जड़-चेतन मिश्रित है। जड़-चेतन की जो ग्रंथि है यह केवल ज्ञान से दूर होती है और जब होगी तो ऐसे होगी जैसे अनन्त काल का अंधेरा एक वत्ती जलाने से दूर हो जाता है। ऋतेज्ञानान्नामुक्ति कहा है। इसके लिए भगवान राम का ध्यान जो शीशे जैसा बिल्कुल साफ और दया के सागर हैं और सत् चित् आनन्दघन परमात्मा राम की उपासना का बहुत बड़ा महत्व होता है। ऐसे मैंने सुना है व पढ़ा भी है। भौतिक विज्ञान की दुनिया में एक बेहद रहस्यमयी लेकिन पूरी तरह प्रमाणित सच्चाई है, जिसे प्रेक्षक प्रभाव कहा जाता है। जब हम सूक्ष्म कणों को नहीं देख रहे होते हैं, तो वे एक ऊर्जा की तरंग की तरह व्यवहार करते हैं, जो एक ही समय में कई जगहों पर फैली होती है। लेकिन विज्ञान का सबसे हैरान करने वाला तथ्य यह है कि जैसे ही हम उन्हें देखने या मापने की कोशिश करते हैं, उनका व्यवहार तुरंत बदल जाता है। ठीक उसी पल में वे तरंग से बदलकर एक निश्चित स्थान पर मौजूद ठोस कण बन जाते हैं। इसका सीधा अर्थ है कि केवल हमारी देखने या ध्यान केंद्रित करने की क्रिया ही सूक्ष्म स्तर पर वास्तविकता के रूप को तय करती है। यह हमारे ब्रह्मांड के सबसे गहरे और प्रमाणित वैज्ञानिक नियमों में से एक है।आसान भाषा में माया इसी को कहते हैं द्य अध्यारोपापवाद (अध्यारोप + अपवाद = पहले अध्यारोप, फिर अपवाद (हटाना)) अद्वैत वेदांत में आत्मतत्व के उपदेश की वैज्ञानिक विधि। ब्रह्म के यथार्थ रूप का उपदेश देना अद्वैत मत के आचार्य का प्रधान लक्ष्य है। ब्रह्म है स्वयं निष्प्रपंच और इसका ज्ञान बिना प्रपंच की सहायता के किसी प्रकार भी नहीं कराया जा सकता है अद्वैत 'अध्यारोप-अपवाद' तक पहुँचकर रुक जाता है। वहाँ अनुभव को 'अविद्या' कहकर नकार दिया जाता है, पर यह स्पष्ट नहीं किया जाता कि कर्तापन, भोक्तापन और अज्ञान का प्रत्यक्ष अनुभव किसकी सत्ता में घटित हो रहा है। यदि अविद्या का आश्रय शुद्ध चैतन्य है तो उसकी निष्कलंकता खंडित होती है; और यदि नहीं है, तो अविद्या का अस्तित्व ही असिद्ध हो जाता है। 'अनिर्वचनीय' कहना इस विरोध को टालना है, सुलझाना नहीं। कैवल ज्ञान के अनुसार कर्तापन, भोक्तापन और अज्ञान न ब्रह्म के हैं, न मिथ्या अध्यास के—वे अंश-वृत्ति की वास्तविक प्रवृत्तियाँ हैं। अंश देह-प्रकृति में रमण करके 'मैं करता हूँ, मैं भोगता हूँ' का अनुभव करता है, जबकि अंशी (कैवलकर्ता) उससे सर्वथा परे, मूल नियंता सत्ता है। अत: अद्वैत जहाँ भेद को नकारता है, वहाँ कैवल ज्ञान भेद के आधार को उद्घाटित करता है। 'नेह नानास्ति किञ्चन' अनुभव की एक अवस्था है, अंतिम सिद्धांत नहीं। जब तक अनुभवकर्ता, उसकी प्रवृत्ति और मूल सत्ता का भेद स्पष्ट नहीं होता, तब तक समाधान अधूरा ही रहता है। यहीं अद्वैत की सीमा है, और यहीं से कैवल ज्ञान का आरम्भ होता है। 'कर्तापन प्रकृति में है' कहना तभी टिकेगा जब अंश का अनुभव भी मिथ्या मानें; पर अनुभव प्रत्यक्ष है, इसलिए उसे केवल 'प्रतीत' कहकर हटाया नहीं जा सकता। जड़ प्रकृति न कर्ता हो सकती है, न भोक्ता। जहाँ 'मैं करता हूँ, मैं भोगता हूँ' का अनुभव है, वहीं कर्तापन-भोक्तापन का वास्तविक आधार मानना पड़ेगा और वह अंश-वृत्ति में ही है। यदि कर्तापन प्रकृति का है, तो भोग भी उसी को होना चाहिए; और यदि भोग अंश में है, तो कर्तापन भी उसी में स्वीकार करना पड़ेगा इन दोनों को अलग नहीं किया जा सकता। अंशी मूलत: अकर्ता, शुद्ध बोध है; उसमें न संकोच-विकास है, न क्रिया। क्रिया, अनुभव और भोग ये सब अंश-वृत्ति के क्षेत्र में ही घटित होते हैं। इसलिए कर्तापन को प्रकृति पर और भोग को अंश पर बाँटना असंगत है। सुसंगत निष्कर्ष यही है: अंशी अकर्ता अधिष्ठान है, और अंश अंश-वृत्ति में वास्तविक कर्ता-भोक्ता है यही कार्य-स्तर का वास्तविक भेद है, न कि मात्र प्रतीत।

अग्नि और उष्णता दो पदार्थ नहीं होते एक ही होती है, अग्नि की ही सत्ता में उसकी उष्णता शक्ति की सत्ता होती है,यह दो नहीं अपितु एक ही है ऐसे ही अशं -अंशी दो नहीं एक ही है , अग्नि और उष्णता दो पदार्थ नहीं होते एक ही होती है, अग्नि की ही सत्ता में उसकी उष्णता शक्ति की सत्ता होती है,यह दो नहीं अपितु एक ही है ऐसे ही अशं -अंशी दो नहीं एक ही है ,जहा सत्ता में भेद हो जाता है वहीं द्वैत भाव आ जाता है और यह भेद व्यवहार कहलाता है,जिसका कारण ब्रह्म की माया ही है जिसको शाक्त सम्प्रदाय शक्ति कहता हैं, असल में शक्ति -शक्तिमान दो नहीं है एक ही तत्व का स्फुरण मात्र है, एक रूप तेरा सकल पसारा। आपहि बनिज आप व्यवहार। कितना सत्य उगल रही यह वाणी अद्वैत के दृष्टिकोण से शक्ति जो ब्रह्म का अंग नहीं उसी का ही रूप है उसके रूप का यह जगत पसारा है या जगत उसी का रूप है, आप अद्वैत होकर भी अपनी ही माया के उपाधि भेद से जगत में सत्ता भेद -द्वैत क्रिडा व्यवहार का खेल खेलते हैं आदरणीय, केवलाद्वैत का सम्मान करते हुए एक मूल प्रश्न उपस्थित है यदि जीवो ब्रह्मैव है, तो जीव में अनुभूत कर्तापन, भोक्तापन और अज्ञान का आश्रय किसे माना जाए? उसे ब्रह्म में रखें तो उसकी निर्विकारता प्रभावित होती है, और ब्रह्म से भिन्न मानें तो अद्वैत की व्याख्या कठिन हो जाती है।



# यूपी में तूफान और भारी बारिश से दो दिनों में 24 लोगों की मौत, सीएम योगी ने दिया मदद का भरोसा



लखनऊ (आरएनएस)। पिछले दो दिनों में भारी बारिश, तेज तूफान और बिजली गिरने के कारण पूरे उत्तर प्रदेश में काफी नुकसान हुआ है, जिसमें कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई है। सरकारी रिपोर्टों के अनुसार, खराब मौसम के चलते हुई घटनाओं में 15 लोग घायल हुए हैं जबकि 16 जानवरों की भी मौत हुई है। राज्य के कई जिलों में लगातार बारिश, तेज़ हवाओं और बार-बार बिजली गिरने से हालात खराब हो गए हैं, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। खुले खेतों में काम करने वाले किसान, बाहर मौजूद लोग और कच्चे घरों में रहने वाले परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। कई जगहों पर पेड़ गिरने, बिजली गुल होने और पानी भरने की घटनाएं भी सामने आई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की, जिनकी मौत हुई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस मुश्किल समय में राज्य सरकार सभी प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि घायलों को तुरंत और सही इलाज दिया जाए और अस्पतालों में सभी जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने यह भी कहा है कि मृतकों, घायलों और पशुधन के नुकसान का मुआवज़ा 24 घंटे के भीतर दिया जाए। जिला मजिस्ट्रेटों और अन्य संबंधित अधिकारियों को राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी है कि मदद देने में किसी भी तरह की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासनिक टीमें प्रभावित जिलों में राहत कार्यों में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं। वे घर-घर जाकर नुकसान का आकलन कर रही हैं और जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचा रही हैं।

इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले कुछ दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश, आंधी-तूफान और बिजली गिरने की संभावना जताई है, जिससे यह संकेत मिलता है कि खतरा अभी पूरी तरह टला नहीं है। उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में भी मौसम बदल रहा है। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) समेत कई जगहों पर गुरुवार को बारिश और ओलावृष्टि हुई, जिससे लू से राहत मिली। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान भी जताया है।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस कार्यक्रम को संबोधित करती हुई।

## असम के सीएम की पत्नी द्वारा दर्ज केस में पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, मिली अग्रिम जमानत



नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से एक बड़ी कानूनी जीत मिली है। शीर्ष अदालत ने असम पुलिस द्वारा दर्ज आपराधिक मानहानि और जालसाजी के मामले में खेड़ा को गिरफ्तारी से पहले जमानत (अग्रिम जमानत) दे दी। यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी, रिनिकी भुइयां सरमा द्वारा दर्ज कराई गई एक शिकायत से संबंधित है। सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने कहा कि खेड़ा और शिकायतकर्ता के पति, दोनों की तरफ से आरोप-प्रत्यारोप लगाए गए हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी व्यक्ति की निजी स्वतंत्रता, जो संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सुरक्षित है, को खतरे में नहीं डाला जा सकता। खेड़ा को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, इस स्तर पर, हम इस बात से अवगत हैं कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सुरक्षित किसी व्यक्ति की निजी स्वतंत्रता को हल्के में खतरे में नहीं डाला जा सकता। जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और जस्टिस अतुल चांदुरकर की बेंच ने इस मामले की सुनवाई तब की, जब गुवाहाटी हाई कोर्ट ने खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि अगर खेड़ा को गिरफ्तार किया जाता है, तो उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया जाए। यह जमानत उन उचित शर्तों और नियमों के अधीन होगी, जिन्हें जांच अधिकारी (IO) सही समझेंगे। कोर्ट ने खेड़ा को यह भी निर्देश दिया कि वे जांच में सहयोग करें और जब भी ज़रूरत हो, पुलिस के सामने पेश हों। उनसे यह भी कहा गया है कि वे जांच या ट्रायल के दौरान सबूतों को प्रभावित करने या उनके साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश न करें, और सक्षम कोर्ट की पहले से अनुमति लिए बिना देश छोड़कर न जाएं।

## दिल्ली में सुबह की सुहानी ठंडः सामान्य से कम रहा तापमान, गरज के साथ बारिश के आसार



नई दिल्ली (ए.)। देश की राजधानी दिल्ली में शुक्रवार की सुबह लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। शहर के विभिन्न हिस्सों में हल्की ठंड महसूस की गई, क्योंकि न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने अनुमान जताया है कि दिन के दौरान शहर के कुछ हिस्सों में गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। शुक्रवार सुबह दिल्ली का औसत न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस मौसम के औसत तापमान से 1.9 डिग्री कम है। स्टेशनवार आंकड़ों के अनुसार, पालम में न्यूनतम तापमान 21.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.3 डिग्री कम है, जबकि लोधी रोड में न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.2 डिग्री कम है। रिज स्टेशन पर न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.6 डिग्री कम है। आयानगर स्टेशन पर न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.2 डिग्री कम है। शहर में अधिकतम तापमान लगभग 40 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 128 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर ऐप के अनुसार, 41 निगरानी केंद्र मध्यम श्रेणी में थे, जबकि तीन केंद्र संतोषजनक श्रेणी में थे। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, 0-50 एक्यूआई ''अच्छा'', 51-100 ''संतोषजनक'', 101-200 ''मध्यम'', 201-300 ''खराब'', 301-400 ''अत्यंत खराब'' और 401-500 ''गंभीर'' माना जाता है।

## कॉमेडियन भारती सिंह और शेखर सुमन को हाई कोर्ट से बड़ी राहत, इस मामले में रद्द की FIR

मुंबई (आरएनएस)। बॉम्बे हाई कोर्ट ने कमीडियन भारती सिंह और अभिनेता शेखर सुमन को बड़ी राहत देते हुए वर्ष 2010 में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने स्पष्ट किया कि हास्य-व्यंग्य और तुकबंदी के उद्देश्य से की गई टिप्पणियों का ध्येय किसी समुदाय की भावनाओं को आहत करना नहीं होता। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट की तरह से कहा गया कि जिन शब्दों को आपत्तिजनक बताया जा रहा है, वे हैं या अल्लाह! रसगुल्ला! दही भल्ला!। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि ये केवल तुकबंदी और हास्य के लिए इस्तेमाल किए गए शब्द हैं।उनका तर्क है कि दही भल्ला और रसगुल्ला आम खाद्य पदार्थ हैं, जो सभी समुदायों के लोगों द्वारा जाने और खाए जाते हैं, और इन अभिव्यक्तियों में कोई धार्मिक रंग नहीं है। इस तर्क को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सामान्य सामाजिक उपयोग में ये शब्द अपने आप में तटस्थ हैं। किसी हास्यपूर्ण कार्य में खाद्य पदार्थों का मात्र उल्लेख धर्म का अपमान नहीं हो सकता।


## भाजपा नेता हत्याकांड पर कोर्ट का बड़ा फैसला, 6 दोषियों को सुनाई मौत की सजा



तिरुवनंतपुरम, (आरएनएस)। केरलम में भाजपा नेता वेंकटेश कुरुबारा की पिछले साल हुई हत्या मामले में प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने 6 दोषियों को मौत की सजा सुनाई है। पुलिस ने बताया कि जज सदानंद नागप्पा नायक ने रवि, विजय उर्फ मैलारी, धनराज, भीमा उर्फ भरत, सलीम और गंगाधर गवली को गुरुवार को सजा सुनाई।कोप्पल के एसपी राम एल. अरसिद्धि ने बताया, इस मामले में पिछले साल 8 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। 2 महीने के भीतर ही 11 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी गई।

8 अक्टूबर, 2025 की रात कार सवार बदमाशों ने भाजपा युवा मोर्चा के गंगावती नगर इकाई प्रमुख कुरुबारा की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वे गिर गए। इसके बाद उन पर धारदार हथियारों और लोहे के रॉड से हमला किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। एसपी ने कहा कि अधिकांश दोषियों के खिलाफ कई अन्य मामले भी दर्ज हैं।

## बुद्ध पूर्णिमा पर सामूहिक हवन, वैदिक मंत्रों से गुंजायमान हुआ रामानुजगंज




रामानुजगंज,(आरएनएस)। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर कनहर नदी तट स्थित प्राचीन राम मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञ की पवित्र अग्नि से आध्यात्मिक वातावरण में सराबोर हो उठा। इस अवसर पर पतंजलि कायाकल्प योग कक्षा, रामानुजगंज द्वारा भव्य सामूहिक हवन का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के अनेक साधकों ने श्रद्धा और समर्पण के साथ आहुति अर्पित कर विश्व शांति एवं मानव कल्याण की कामना की।योग कक्षा की संचालिका आरती वाजपेई ने बताया कि पतंजलि कायाकल्प योग कक्षा की गतिविधियां केवल रामानुजगंज तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मध्य प्रदेश के अशोक नगर, ग्वालियर और भोपाल में भी ऑफलाइन कक्षाओं के साथ-साथ यूट्यूब के माध्यम से ऑनलाइन संचालित की जा रही हैं। प्रतिदिन सैकड़ों साधक इन कक्षाओं से जुड़कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पूर्णिमा और विशेष पर्वों पर हवन-यज्ञ का आयोजन संस्था की प्रमुख विशेषता बन चुका है।

## कांगड़ा नगर परिषद चुनावों के लिए 15 से अधिक उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र किए दाखिल




कांगड़ा ,(आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में नगर परिषद चुनावों के लिए दूसरे दिन 17 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। कांगड़ा के उप-मंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) इशांत जसवाल ने यह जानकारी दी। जसवाल ने पीठासीन अधिकारी के तौर पर काम करते हुए राज्य चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार नामांकन पत्रों की जांच की। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने का काम दो मई को दोपहर तीन बजे तक जारी रहेगा। नामांकन पत्रों की जांच चार मई को सुबह 10 बजे से शुरू होगी।उम्मीदवार छह मई को सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे के बीच अपने नामांकन वापस ले सकते हैं, जिसके तुरंत बाद उन्हें चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नगर परिषद चुनावों के लिए मतदान 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर तीन बजे तक होगा, और मतगणना उसी दिन की जाएगी।

## हज यात्रियों की जेब पर मिसाइल अटैक! ईरान युद्ध के कारण बढ़ा किराया, हवाई किराए में 10 हजार की बढ़ोतरी पर विवाद



नई दिल्ली (ए.)। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के अधीन हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा हज यात्रियों के हवाई किराए में 10,000 रुपये की अतिरिक्त बढ़ोतरी के फैसले ने एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। जहाँ सरकार इसे वैश्विक तेल संकट के बीच एक मजबूरी बता रही है, वहीं विपक्ष ने इसे यात्रियों का शोषण करार दिया है। हज कमेटी के सर्कुलर के अनुसार, हवाई किराए में यह बदलाव एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ATF) की कीमतों में आई भारी उछाल के कारण किया गया है। इस फैसले से यात्रियों में गुस्सा फैल गया है और विपक्ष ने इसे वापस लेने की मांग की है। सरकार के एक सर्कुलर में कहा गया है कि मध्य पूर्व में मौजूदा हालात को देखते हुए हवाई किराए में एक बार का यह बदलाव ज़रूरी था। 28 फरवरी को ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से वैश्विक ATF की कीमतें दोगुनी से भी ज़्यादा हो गई हैं। आम तौर पर, ATF की कीमतें किसी एयरलाइन की ऑपरेटिंग लागत का 30-40 प्रतिशत होती हैं। कीमतों में बढ़ोतरी से कई एयरलाइनों के कामकाज पर असर पड़ा है। हज कमेटी के सर्कुलर में कहा गया है, बदले हुए हवाई किराए में हर यात्री के लिए 100 अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त रकम शामिल है, चाहे वे किसी भी जगह से उड़ान भर रहे हों; यह रकम यात्रियों को ही चुकानी होगी। इसमें आगे कहा गया है कि इस साल हज पर जाने वाले सभी यात्रियों को 15 मई तक हवाई किराए में हुई बढ़ोतरी के तौर पर 10,000 रुपये जमा करने होंगे।

## अमित शाह ने करगिल में 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले एक आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण संयंत्र की आधारशिला रखी



लेह (ए.)। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में श्वेत क्रांति को नई ऊंचाई देने के लिए केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को करगिल में 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले एक आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण संयंत्र की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन आत्मनिर्भर भारत के तहत शुरू की गई यह परियोजना लद्दाख के दुर्गम क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगी। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ये पहल पेश की गई हैं। इनमें मोबाइल दूध परीक्षण प्रयोगशालाएं, आधुनिक दूध शीतलन प्रणाली और डेयरी अवसंरचना को मजबूत करना शामिल है, ताकि केंद्र शासित प्रदेश में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके। अधिकारियों ने बताया कि 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण संयंत्र लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी इंडियन डेयरी मशीनरी कंपनी द्वारा स्थापित किया जा रहा है। यह परियोजना मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) के तहत लागू की जा रही है, जिसमें 12.74 करोड़ रुपये का अनुदान, 10 करोड़ रुपये की सहायता राष्ट्रीय डेयरी विकास फाउंडेशन से और शेष राशि एलयूटीडीसीएफ फंड के माध्यम से (हिमाचल प्रदेश प्रशासन के जरिये) उपलब्ध कराई जा रही है। यह संयंत्र 350 किलोवाट सौर ऊर्जा आधारित प्रणाली पर चलेगा जिससे ऊंचाई वाले इस क्षेत्र में स्वच्छ तथा टिकाऊ संचालन सुनिश्चित होगा। दूध संग्रह के लिए आधुनिक मोबाइल 'मिल्क कलेक्शन' एवं 'कूलिंग सिस्टम' स्थापित किया जाएगा जिससे किसानों से सीधे दूध संग्रह, गुणवत्ता संरक्षण और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अधिकारियों ने कहा कि ये कदम लद्दाख के डेयरी क्षेत्र के आधुनिकीकरण, किसानों की आय बढ़ाने और खरीद प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा हैं। साथ ही बिजली से जुड़ी चुनौतियों को दूर करने, दूध संग्रह को सुव्यवस्थित करने और किसानों को समय पर डिजिटल भुगतान सुनिश्चित करने के उपाय भी किए गए हैं। भारतीय सेना के साथ नियमित दूध आपूर्ति व्यवस्था से इस क्षेत्र में डेयरी गतिविधियों को स्थिर बाजार मिला है जिससे संचालन की विश्वसनीयता बढ़ी है।

## ममता बनर्जी को हार का डर, ईवीएम में हेरफेर की बात सिर्फ नाटक : सुवेंदु अधिकारी



कोलकाता,(आरएनएस)। कोलकाता स्ट्रॉन्ग रूम विवाद पर भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह उनकी पुरानी आदत का नतीजा है कि जब भी उन्हें चुनाव में माहौल अपने खिलाफ लगता है, तो वे ईवीएम में हेरफेर की आशंकाएं जताने लगती हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, ईवीएम में हेरफेर की आशंकाएं जताना पिछले 15 सालों से उनकी (ममता बनर्जी) आदत का हिस्सा बन गया है। उनके लिए इस पुरानी आदत से छुटकारा पाना नामुमकिन है। इस बार उन्हें अपनी हार का आभास हो रहा है। इसलिए, ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम में हेरफेर को लेकर उनका यह नाटक उनके हार के डर का ही प्रतिबिंब है। इस विवाद पर भाजपा नेता दिलीप घोष ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, पिछले 3-4 महीनों से अलग-अलग तरीके से हार के बहाने तलाशे जा रहे हैं। पहले एसआई को लेकर राजनीति शुरू हुई, उसके बाद चुनाव आयोग, फिर केंद्रीय बलों और अब स्ट्रॉन्ग रूम के मुद्दे पर राजनीति हो रही है। ऐसा लगता है कि हारने वाले पक्ष के पास अब कोई और बहाना नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि 15 साल तक राज करने के बाद अगर कोई पार्टी एसआईआर और स्ट्रॉन्ग रूम को लेकर राजनीति कर रही है, तो यह बताता है कि पार्टी ने पहले ही अपनी हार मान ली है। सिर्फ हार के बहाना बताने की पृष्ठभूमि तैयार की जा रही है।



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भुवनेश्वर में पीएमजीएसवाई -4 के शुभारंभ से पहले, बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत किया।

## 7 सांसदों के भाजपा में जाने के बाद भगवंत मान का शक्ति प्रदर्शन, जीता विश्वास मत



चंडीगढ (ए.)। पंजाब की भगवंत मान सरकार ने शुक्रवार को विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पेश किया, जो सर्वसम्मति से पारित हो गया। यह कदम तब उठाया गया जब कुछ दिन पहले ही आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसद पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। सरकार ने इस प्रस्ताव के जरिए यह साबित किया कि पंजाब के विधायकों का अपनी पार्टी और मुख्यमंत्री पर पूरा भरोसा है। विशेष सत्र के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी एक मजबूत शक्ति के रूप में उभर रही है। उन्होंने उन अफवाहों को खारिज कर दिया जिनमें कहा जा रहा था कि पार्टी खत्म हो जाएगी या विधायक दूसरी पार्टियों में चले जाएंगे। मान ने जोर देकर कहा कि ऐसी बातें सिर्फ जनता के बीच भ्रम फैलाने के लिए की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर से लेकर गोवा तक पार्टी का विस्तार हो रहा है और देश के कई हिस्सों में उनके विधायक, मेयर और पार्षद मौजूद हैं। पंजाब की 117 सीटों वाली विधानसभा में आम आदमी पार्टी के पास भारी बहुमत है। सदन में आप के 94 विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के 16, शिरोमणि अकाली दल के तीन, भाजपा के दो, बसपा का एक और एक निर्दलीय विधायक है। सत्र के लिए पार्टी ने अपने सभी विधायकों को व्हिप जारी कर मौजूद रहने का आदेश दिया था। हाल ही में 24 अप्रैल को आम आदमी पार्टी को तब बड़ा झटका लगा था, जब उसके 10 राज्यसभा सांसदों में से 7 सांसदों ने एक साथ भाजपा का दामन थाम लिया। इनमें राघव चड्ढा, हरभजन सिंह, स्वाति मालिवाल और संदीप पाठक जैसे बड़े नाम शामिल थे। राज्यसभा के सभापति ने भी इसे मंजूरी दे दी है, जिसके बाद ऊपरी सदन में आम आदमी पार्टी के अब केवल 3 सांसद रह गए हैं। इसी राजनीतिक हलचल के बीच मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सदन में अपना बहुमत साबित कर विरोधियों को जवाब दिया है।

# कोर्ट ने रिया के बैंक अकाउंट अनफ्रीज करने दिए आदेश

मुंबई (ए.)। नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) स्पेशल कोर्ट ने एक अहम फैसले में रिया चक्रवर्ती, उनके भाई शोविक चक्रवर्ती और उनकी मां संध्या चक्रवर्ती के बैंक खातों को अनफ्रीज करने का आदेश दिया है। दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत से जुड़े ड्रग्स केस में अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को एक बड़ी कानूनी राहत मिली है। इस महत्वपूर्ण न्यायिक आदेश के बाद अब चक्रवर्ती परिवार को आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक में मौजूद




अपने बैंक अकाउंट्स का एक्सेस फिर से मिल जाएगा, जिससे उन्हें पिछले कई सालों से लगी वित्तीय रोक से मुक्ति मिलेगी। यह आदेश 25 अप्रैल 2026 को सुनाया गया, और इसका आधार यह था कि जांच एजेंसी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने कानूनी प्रक्रिया का सही तरीके से पालन नहीं किया था। अदालत ने अपने आदेश में पाया कि एनडीपीएस एक्ट की धारा 68एफ के तहत जो प्रक्रिया निर्धारित की गई है, उसका एनसीबी द्वारा पालन नहीं किया गया। इस कानून के मुताबिक, किसी भी संपत्ति या बैंक खाते को फ्रीज करने के बाद 30 दिनों के भीतर सक्षम प्राधिकारी से उसकी मंजूरी लेना अनिवार्य होता है।

हालांकि, इस विशिष्ट मामले में, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने निर्धारित समयसीमा के भीतर आवश्यक मंजूरी प्राप्त नहीं की थी, जिसके कारण कोर्ट ने फ्रीजिंग आदेशों को कानूनी रूप से अमान्य घोषित कर दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट रूप से कहा कि जब तय समयसीमा के अंदर जरूरी मंजूरी नहीं ली जाती, तो ऐसे फ्रीजिंग आदेश कानूनी रूप से मान्य नहीं रह जाते और उन्हें निरस्त करना पड़ता है। पूरे मामले की जड़ें साल 2020 में अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की दुखद मौत के बाद शुरू हुई जांच से जुड़ी हैं। उस समय जांच के दौरान एक ड्रग्स एंगल सामने आया था, जिसमें रिया चक्रवर्ती और उनके भाई शोविक का नाम जोड़ा गया था। इसके बाद नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने जांच के हिस्से के रूप में उनके बैंक अकाउंट्स को फ्रीज कर दिया था।

# शादी की 10वीं सालगिरह पर एक दूसरे पर बिपाशा और करण ने बरसाया प्यार

मुंबई (ए.)। बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर बॉलीवुड के उन चुनिंदा कपल्स में से हैं जिनकी गिनती बोल्ड और क्यूट जोड़ी के तौर पर होती है। साल 2016 में शादी के बंधन में बंधने के बाद से यह जोड़ा अपने रिश्ते को न केवल बखूबी निभा रहा है, बल्कि लगातार अपने प्रशंसकों को कपल गोल्स भी दे रहा है। उनका सोशल मीडिया अकाउंट इस बात का सबूत है, जो प्यारी और पारिवारिक तस्वीरों से भरा रहता है। हाल ही में इस प्यारे कपल ने अपनी शादी के 10 साल पूरे किए, और इस खास मौके पर करण सिंह ग्रोवर ने अपनी अभिनेत्री पत्नी पर जमकर प्यार लुटाया है। करण ने इंस्टाग्राम पर शादी की 10वीं सालगिरह को सेलिब्रेट करते हुए एक बेहद ही खूबसूरत वीडियो शेयर किया है, जिसमें दोनों के क्वालिटी टाइम मोमेंट्स की झलकियाँ हैं। वीडियो में कभी दोनों साथ में फिल्म देखते हुए नजर आ रहे हैं, तो कभी एक-दूसरे को प्यार से किस करते हुए दिख रहे हैं। यह वीडियो उनके गहरे प्यार और आपसी समझ को दर्शाता है, जो दर्शकों का दिल जीत रहा है।





अभिनेता ने इस वीडियो के साथ एक भावुक कैप्शन भी लिखा है, जिसके जरिए उन्होंने बिपाशा पर बेशुमार प्यार बरसाया है। करण ने अपनी पत्नी को अपनी ताकत और जीवन को सार्थक बनाने वाला शख्स बताया है। उन्होंने लिखा, तुम मेरे लिए सब कुछ थे, हो और हमेशा रहोगे। तुम मेरी हर धड़कन, हर सांस, मेरी ताकत, मेरी परी हो। तुम मेरी वजह हो, तुम मेरे जीवन को अर्थ देते हो। तुम्हारा प्यार मेरा कवच है, मेरी महाशक्ति है। मैं जो हूं, वह तुम्हारे कारण हूं। मैं तुम्हें अनंत काल तक, अनंत काल तक, बीते और अनबीते जन्मों से भी अधिक समय तक, अनंत काल तक और एक दिन तक प्यार करूंगा! मैं तुमसे प्यार करता हूं, 10वीं सालगिरह मुबारक! करण के इन शब्दों ने उनके रिश्ते की गहराई और एक-दूसरे के प्रति उनके समर्पण को उजागर किया है।

बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। दोनों की मुलाकात 2015 में फिल्म अलोन के सेट पर हुई थी। धीरे-धीरे उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई, लेकिन बिपाशा का मानना था कि वे तब तक शादी नहीं करेंगी, जब तक खुद करण उन्हें शादी के लिए प्रपोज नहीं करते। नए साल के दिन, करण ने थाईलैंड की खाड़ी में स्थित खूबसूरत द्वीप पर बिपाशा को डायमंड रिंग के साथ प्रपोज करके सभी को चौंका दिया। 30 अप्रैल 2016 को इस जोड़े ने बंगाली रीति-रिवाजों के साथ सात फेरे लिए। शादी के समय करण ग्रोवर को काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था क्योंकि यह उनकी तीसरी शादी थी, लेकिन इस जोड़े ने सभी आलोचनाओं का सामना करते हुए अपने रिश्ते को मजबूत बनाया। आज वे देवी नाम की एक प्यारी सी बेटी के माता-पिता भी हैं, और उनका परिवार खुशहाल जीवन जी रहा है, जो बॉलीवुड में एक मिसाल बन गया है।

# मेरी गर्लफ्रेंड फोन करती है, तो मैं फोन स्पीकर पर डाल देता हूं : जैकी

मुंबई (ए.)। हाल ही में एक बातचीत के दौरान फिल्म निर्माता और अभिनेता जैकी भगनानी ने अपनी शादीशुदा जिंदगी को सिचुएशनशिप कहकर संबोधित कर दिया, जिसके बाद इंटरनेट पर हलचल मच गई और लोग उन्हें इस शब्द के गलत इस्तेमाल पर ट्रोल करने लगे। मामला बढ़ता देख अब उनकी पत्नी रकुलप्रीत सिंह और जैकी दोनों ने इस पूरे विवाद पर एक मजाकिया अंदाज में प्रतिक्रिया दी है, जिससे स्थिति स्पष्ट हो गई है। हाल ही में एक इंटरव्यू में जैकी भगनानी ने अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए कहा था, रकुल और मैं शादीशुदा जरूर हैं, लेकिन हमारा रिश्ता एक तरह का सिचुएशनशिप है। भगवान ने हमें एक-दूसरे के लिए बनाया है, इसलिए शादी हुई है। मैं रकुल से हर बात खुलकर कह सकता हूं। अगर रकुल के सामने मेरी कोई एक्स गर्लफ्रेंड फोन करती है, तो मैं फोन स्पीकर पर डाल देता हूं। उनके इस बयान का, खासकर सिचुएशनशिप शब्द के इस्तेमाल का, लोगों ने गलत अर्थ निकाल लिया। आमतौर पर, सिचुएशनशिप एक ऐसे रिश्ते को दर्शाता है जिसमें कमिटमेंट की कमी होती है और भविष्य को लेकर कोई स्पष्टता नहीं होती, जो शादीशुदा रिश्ते के बिल्कुल विपरीत है। इस वजह से जैकी को



सोशल मीडिया पर काफी आलोचना और ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। अब इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए, रकुल प्रीत सिंह ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक मजेदार वीडियो साझा किया है। वीडियो में रकुल, जैकी को मजाकिया लहजे में डांटती हुई दिखाई दे रही हैं। वह कहती हैं, मैंने तुमसे कितनी बार कहा है कि हम मिलेनियल्स हैं, जेन जी की तरह अजीब शब्दों का इस्तेमाल मत करो। रकुल के चेहरे के हावभाव और बोलने का तरीका इतना मजेदार था कि यह वीडियो देखते ही देखते लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। यह वीडियो दोनों के बीच के प्यारे और खुशमिजाज रिश्ते को भी दर्शाता है। वीडियो में जैकी भगनानी भी अपनी सफाई देते नजर आए। वह कान पकड़कर रकुल से माफी मांगते हुए कहते है, मेरा मतलब वैसा बिल्कुल नहीं था, जैसा लोगों ने समझ लिया। जैकी यह समझाने की कोशिश कर रहे थे कि उनके कहने का मतलब एक खुले और दबाव-मुक्त रिश्ते से था, न कि कमिटमेंट की कमी से। इस पर रकुल कहती है, मैं जानती हूं कि तुम्हारा इरादा गलत नहीं था, लेकिन अब दुनिया को भी पता होना चाहिए। कोई बात नहीं, जब लोग यह देखेंगे, तो अपने आप रुक जाएंगे।

# मनीषा रानी से शादी करना चाहता है ये एक्टर, इस शर्त पर करेगा प्रपोज; वर्ना रहेगा दोस्त



अभिनेत्री मनीषा रानी के लिए एक एक्टर ने अपनी भावनाएं जाहिर की हैं। उनका कहना है कि अगर वह रोमांटिक रिश्ते में आए तो मनीषा से शादी कर लेंगे। 'द 50' की कंटेस्टेंट मनीषा रानी अपनी सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सुर्खियों रहती हैं। इस बार वह अगल वजहों से चर्चा में हैं। मामला उनकी शादी से जुड़ा है। एक एक्टर उनसे शादी करना चाहता है। उन्होंने उनके लिए अपनी भावनाएं भी जाहिर की हैं। यह एक्टर कोई और नहीं बल्कि उनके साथ 'द 50' में कंटेस्टेंट रहे सिद्धार्थ भारद्वाज हैं।

**सिद्धार्थ ने जाहिर की भावनाएं**

हाल ही में एक इंटरव्यू में सिद्धार्थ ने मनीषा के लिए अपनी भावनाएं जाहिर की हैं। सिद्धार्थ ने मनीषा के लिए अपने प्यार का इजहार भी किया है। सिद्धार्थ कन्नन से बातचीत में सिद्धार्थ भारद्वाज ने कहा मनीषा रानी बहुत अच्छी लड़की हैं, फिर भी वह मुझसे डरती हैं।

# क्या मेट गाला 2026 में दीपिका और रणवीर करेंगे शिरकत? डेब्यू करेगा ये बॉलीवुड सेलेब; जानें कौन-कौन होगा शामिल?



मेट गाला 2026 में कई बॉलीवुड सेलेब्स भी शिरकत करेंगे। देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा तो हर साल इस ग्लोबल इवेंट में शिरकत करती हैं। जानिए, इस साल इस इवेंट में कौन-कौन से बॉलीवुड सेलेब्स शिरकत करेंगे और किनके शामिल होने की संभावना है?

मेट गाला 2026 के रेड कारपेट पर हर साल सेलेब्स के फैशन का जलवा देखने को मिलता है। इस साल भी कई बॉलीवुड सेलेब्स मेट गाला में नजर आएंगे। मेट गाला 2026 की गेस्ट लिस्ट में फिल्ममेकर करण जौहर पहली बार नजर आएंगे। वहीं कई और बॉलीवुड सेलेब्स के भी इस इवेंट में शिरकत होने की उम्मीद की जा रही है।

दीपिका पादुकोण से लेकर आलिया तक के शामिल होने की उम्मीद

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मेट गाला में दीपिका पादुकोण अपने पति रणवीर सिंह के साथ नजर आ सकती हैं। इनके अलावा प्रियंका चोपड़ा भी मेट गाला में जलवा दिखाएंगी। प्रियंका के अलावा आलिया भट्ट का नाम भी मेट गाला गेस्ट में शामिल हो सकता है।

**करण जौहर पहली बार मेट गाला में दिखेंगे**

करण जौहर का मेट गाला 2026 में डेब्यू होगा। वह अपने फैशन सेंस के लिए बॉलीवुड में मशहूर हैं तो मेट गाला में भी उनका अनोखा अंदाज नजर आ सकता है। पिछले साल इस इवेंट में शाहरुख खान ने पहली बार शिरकत की थी, उनका लुक काफी चर्चा में रहा था।

मेट गाला 2026 में बॉलीवुड ही नहीं बिजनेस वर्ल्ड की हस्तियां भी शामिल होंगी। इस लिस्ट में ईशा अंबानी और नताशा पूनावाला का नाम शामिल होगा।

# रिजेक्शन से खुली अनुष्का शर्मा की किस्मत- रब ने बना दी जोड़ी में ऐसे मिला था तानी का किरदार



मुंबई (ए.)। बॉलीवुड में रिजेक्शन की कहानियां अक्सर निराशा और संघर्ष से भरी होती हैं, जहां कई अभिनेता और अभिनेत्रियों को इसकी वजह से डिप्रेशन का सामना करना पड़ता है। लेकिन अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के लिए रिजेक्शन एक वरदान साबित हुआ। यह जानकर आपको हैरानी होगी कि एक के बाद एक कई रिजेक्शन की वजह से ही अनुष्का शर्मा को पर्दे पर पहली बार सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ काम करने का सुनहरा मौका मिला था। 1 मई को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में जन्मी अनुष्का ने कभी सोचा भी नहीं था कि वह फिल्मी दुनिया में कदम रखेंगी, क्योंकि वह आर्मी बैकग्राउंड से आती हैं और उनका परिवार सेना से जुड़ा था।

अनुष्का पत्रकारिता और मॉडलिंग में अपना करियर बनाना चाहती थीं, और यही कारण था कि उन्होंने मात्र 15 साल की उम्र में मॉडलिंग शुरू कर दी थी। मॉडलिंग के दौरान भी उन्हें कई बार रिजेक्शन का सामना करना पड़ा, लेकिन अपनी पहली फिल्म साइन करने से पहले, उन्हें लगभग 1 महीने में चार बार लगातार रिजेक्शन झेलना पड़ा था। अनुष्का का फिल्मों में आने का कोई इरादा नहीं था; वे केवल विज्ञापन के लिए ऑडिशन दे रही थीं। हालांकि, विज्ञापन के ऑडिशन को क्रैक कर पाना भी उनके लिए मुश्किल हो रहा था। फाइनल ऑडिशन में भी उन्हें हर बार रिजेक्शन का सामना करना पड़ा, और जब उन्होंने पहली बार यशराज फिल्म्स की रब ने बना दी जोड़ी के लिए स्क्रीन टेस्ट दिया, तब भी उन्हें अपनी किस्मत पर भरोसा नहीं था। उन्हें लगता था कि यहां भी उन्हें रिजेक्शन ही मिलेगा, जैसी कि पिछली बार हुआ था।

खुद अनुष्का ने इस बात का खुलासा किया था कि रब ने बना दी जोड़ी के ऑडिशन के दौरान वे बिल्कुल भी सीरियस नहीं थीं और बिना किसी तैयारी या मेकअप के, बालों को बिना संवारे ही स्क्रीन टेस्ट देने के लिए पहुंच गई थीं। उन्हें लगा था कि यह भी एक और असफलता ही होगी। कुछ दिनों बाद, आदित्य चोपड़ा की टीम की तरफ से उन्हें फोन आया कि उन्हें फाइनल ऑडिशन और बातचीत के लिए बुलाया गया है। तब भी अनुष्का को लग रहा था कि अब फाइनल राउंड में पहुंचकर उन्हें बाहर कर दिया जाएगा, लेकिन हुआ उसका बिल्कुल उल्टा। अभिनेत्री को फिल्म के लिए साइन कर लिया गया, और इसके पीछे की वजह थी उनका लगातार रिजेक्शन। दरअसल, आदित्य चोपड़ा एक ऐसे नए चेहरे की तलाश में थे, जिसे स्क्रीन पर पहले कभी ज्यादा न देखा गया हो या जिसका चेहरा दर्शकों के लिए बिल्कुल नया हो। अनुष्का ने खुद बताया कि अगर उन्हें विज्ञापनों में बार-बार रिजेक्शन नहीं मिला होता, तो शायद उन्हें इतनी बड़ी और प्रतिष्ठित फिल्म में काम करने का मौका नहीं मिलता। इस तरह, उनके करियर की शुरुआत में मिली असफलताओं ने ही उन्हें एक ऐसे मुकाम तक पहुँचाया, जहाँ से उनका फिल्मी सफर चमक उठा।

# रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल मोदी को श्रद्धा कपूर ने बताया प्रतिभाशाली





मुंबई (ए.)। पिछले कुछ समय से फैशन डिजाइनर राहुल मोदी के साथ अपने रूमर्ड संबंधों को लेकर बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर सुर्खियों में हैं। फोटोग्राफरों द्वारा उन्हें अक्सर एक साथ विभिन्न मौकों पर कैमरे में कैद किया जाता है, जिससे उनके रिश्ते की अटकलें और तेज हो जाती हैं। हाल ही में श्रद्धा कपूर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए अपने कथित प्रेमी राहुल मोदी की जमकर प्रशंसा की, जिससे उनके रिश्ते की पुष्टि की अटकलें तेज हो गई। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल के स्टोरीज सेक्शन में राहुल मोदी द्वारा निर्देशित एक नवीनतम विज्ञापन पर टिप्पणी की, जिसमें सैय्यारा की अभिनेत्री अनीत पड्डा भी शामिल हैं। फिल्म स्त्री की अभिनेत्री श्रद्धा ने सबसे पहले अनीत पड्डा के अभिनय की तारीफ करते हुए लिखा, बेहतरीन अभिनय का परफेक्ट मिश्रण। इसके तुरंत बाद, श्रद्धा ने राहुल मोदी की प्रशंसा करते हुए लिखा, और क्यूटनेस से याद आया, ये लेखक-निर्देशक कितने प्रतिभाशाली हैं उफ राहुल मोदी। श्रद्धा का यह पोस्ट उनके रिश्ते को लेकर चल रही अटकलों के बीच काफी मायने रखता है, क्योंकि यह पहली बार है जब उन्होंने सार्वजनिक रूप से राहुल के काम की इस तरह तारीफ की है और उन्हें प्रतिभाशाली बताया है। श्रद्धा और राहुल के बीच रिश्ते की अटकलें 2024 की शुरुआत में तब शुरू हुईं, जब कथित तौर पर दोनों को मुंबई में एक डिनर डेट से एक साथ निकलते हुए देखा गया था।

उसके बाद इन दोनों को कई मौकों पर एक साथ देखा गया है, जिससे उनके रिश्ते की खबरें लगातार सुर्खियों में बनी रहीं। यहां तक कि उन्होंने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के भव्य प्री-वेडिंग समारोह में भी एक साथ शिरकत की थी, जिसने उनके रिश्ते की अटकलों को और पुख्ता कर दिया। पिछले साल जून में भी श्रद्धा ने लेखक राहुल के साथ अपने रिश्ते को इंस्टाग्राम पर आधिकारिक रूप देने का फैसला किया था, हालांकि सीधे तौर पर उन्होंने इसकी घोषणा नहीं की थी। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर राहुल मोदी के साथ सेल्फी लेते हुए अपनी एक तस्वीर शेयर की थी, जिसमें दोनों सफेद कपड़ों में ट्विनिंग करते हुए नजर आए थे। तस्वीर में श्रद्धा ने राहुल का हाथ प्यार से पकड़ा हुआ था और इसके कैप्शन में लिखा था, दिल रख ले, नींद तो वापस दे दे यार।

## कनाडा क्रिकेटः मोंटी देसाई पुरुष टीम के हेड कोच बने

टोरंटो,(आरएनएस)। क्रिकेट कनाडा ने मोंटी देसाई को पुरुषों की नेशनल टीम का हेड कोच बनाया है. देसाई की नियुक्ति को कनाडा क्रिकेट के विकास के लिए अहम माना जा रहा है. कनाडा पुरुष क्रिकेट टीम का हेड कोच नियुक्त किए जाने के बाद मोंटी देसाई ने कहा, मुझे यह जिम्मेदारी लेते हुए गर्व महसूस हो रहा है. मैं क्रिकेट कनाडा को उनके भरोसे के लिए धन्यवाद देता हूं. कनाडा में मेरे पिछले अनुभव ने मुझे संभावना और खेल के लिए मौजूद पैशन को स्पष्ट तौर पर समझने में मदद की है।

उन्होंने कहा, वैश्विक रूप से क्रिकेट के विकास में एसोसिएट क्रिकेट का विकास अहम है. नेपाल और अफगानिस्तान जैसी टीमों ने दिखाया है कि विश्वास, अनुशासन और निडरता से क्या हासिल किया जा सकता है. कनाडा के पास भी ऐसा ही मौका है, और मेरा फोकस एक ऐसी संस्कृति बनाने पर होगा जो इस क्षमता को अंतरराष्ट्रीय मंच पर लगातार प्रदर्शन में बदल दे।

क्रिकेट कनाडा के अध्यक्ष अरविंदर खोसा ने कहा, हमारी सबसे पहली प्राथमिकता, प्रोफेशनलिज्म और लक्ष्य की एक नई और मजबूत भावना के जरिए क्रिकेट कनाडा की पहचान को फिर से बनाना है. मोंटी देसाई की नियुक्ति इसी उद्देश्य के साथ की गई है. एसोसिएट देशों, खासकर नेपाल और अफगानिस्तान के साथ उनका अनुभव, प्रभावी नेतृत्व, अनुशासन और एक साफ लंबी अवधि के जरिए टीमों को बदलने की उनकी काबिलियत दिखाता है।

## बीसीसीआई ने आईपीएल प्लेयर इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड के लिए वैभव सहित 25 खिलाड़ियों का नामांकन किया




मुम्बई(ए.)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 सत्र के इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड के नामांकन की सूची जारी की है। बोर्ड ने सभी 10 टीमों में से ऐसे 25 खिलाड़ियों का चयन किया है, जो इस अवॉर्ड के दावेदार हैं। इसके लिए वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे, समीर रिजवी, मुकुल चौधरी और प्रियांश आर्या से लेकर सलिल अरोड़ा जैसे युवा खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।ये अवॉर्ड उस खिलाड़ी को मिलेगा जिसने सत्र में सबसे अधिक बेहतर प्रदर्शन किया हो। इसके साथ ही उसमें भविष्य में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बनने की संभावना हो। ये अवॉर्ड केवल अनकैप्ड खिलाड़ी को ही दिया जाएगा। वहीं उस खिलाड़ी का जन्म भी एक अप्रैल 2000 के बाद हुआ होना चाहिये। पहले किसी सत्र में इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड नहीं जीता हो। इसमें पब्लिक वोट के अलावा टीवी कमेंटेटर्स की पसंद भी चयन के लिए पूछी जाती है।इस अवार्ड के लिए सबसे अधिक पांच खिलाड़ी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम के हैं। वहीं दिल्ली कैपिटल्स, चेन्नई सुपर किंग्स, गुजरात टाइटन्स के अलावा मुंबई इंडियंस के भी 3-3 खिलाड़ी इस सूची में शामिल हैं जबकि राजस्थान रॉयल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के 2-2 खिलाड़ियों को इसमें शामिल किया गया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स का एक-एक खिलाड़ी इसमें शामिल है। ये सभी खिलाड़ी इस सत्र में एक या इससे ज्यादा मैच खेल चुके हैं।

### खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है

एसआरएचः अनिकेत वर्मा, प्रफुल हिंगे, साकिब हुसैन, सलिल अरोड़ा और शिवांग कुमार
डीसी- समीर रिजवी, विपराज निगम और साहिल परख सीएसके - आयुष म्हात्रे, कार्तिक शर्मा और प्रशांत वीर जीटी- अशोक शर्मा, कुमार कुशाग्र और मानव सुथर एमआई- अश्वनी कुमार, क्रिस भगत और दानिश मालेवार केकेआर - अंगकृष रघुवंशी और कार्तिक त्यागी एलएसजी - मुकुल चौधरी और प्रिंस यादव आरआर - वैभव सूर्यवंशी और यश राज पुंजा आरसीबी - रसिख डार पीबीकेएस - प्रियांश आर्या

## शुभमन ने दिया विराट के आक्रामक जश्न का जवाब

अहमदाबाद (ए.)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली जब मैदान पर उतरते हैं और अपने जोश और जुनून के साथ ही विरोधी टीम पर दबाव बनाने का कोई अवसर नहीं छोड़ते। गुजरात टाइटंस के



खिलाफ मैच में भी विराट ने ऐसा ही किया। गुजरात के कप्तान शुभमन गिल का कैच लेने के बाद कोहली ने आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया। शुभमन भी कहां पीछे रहने वाले थे। मैच जीतने के बाद उन्होंने भी इसका करारा जवाब दिया।

जब विराट ने कैच पकड़ा तो उस समय शुभमन 18 गेंदों में तेजी से 43 रन बनाकर खेल रहे थे। उनकी इस पारी से गुजरात की टीम जीत के लिए मिले लक्ष्य को हसिल करने में सफल रही। इसी कारण उसने आरसीबी को मैच में 4 विकेट से हरा दिया।

मैच में आरसीबी के खिलाफ जीत के बाद शुभमन ने एक ऐसी पोस्ट साझा की जो देखते ही देखते वायरल हो गई। अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में शुभमन ने मैच की कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिनमें से एक में कोहली भी नजर आ रहे थे। इसमें जो शब्द प्ले बोल्ड है वो विराट के जश्न का जवाब माने गए, क्योंकि प्ले बोल्ड आरसीबी का ही नारा है और गिल ने इसे इस्तेमाल कर अपने जवाब को और तीखा बना दिया।

## दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज ने बदला मुंबई इंडियंस का इतिहास, 19 साल पूराना रिकॉर्ड तोड़कर किया अपने नाम

नईदिल्ली (आरएनएस)। आईपीएल 2026 के 41वें मैच में मुंबई इंडियंस को सनराइजर्स हैदराबाद से हार का सामना करना पड़ा. मुंबई ने 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 243 रन बनाए थे. जिसको हैदराबाद ने 18.4 ओवर में चेज करके मैच को 6 विकेट से जीत लिया।

ये मैच मुंबई इंडियंस जरूर हार गया लेकिन उसके एक बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने शतक जड़कर दो बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. रिकेल्टन ने मैच में 56 गेंद में नाबाद 123 रनों की पारी खेली, जिसमें 10 चौकों और 8 छक्कों शामिल थे।

मुंबई इंडियंस टीम के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले रयान रिकेल्टन ने सिर्फ 44 गेंदों में अपना शतक पूरा किया. इसके साथ ही, वो आईपीएल के इतिहास में मुंबई इंडियंस के लिए सबसे तेज शतक बनाने वाले बल्लेबाज बन गए. इससे पहले यह रिकॉर्ड श्रीलंका के सनथ जयसूर्या के नाम था, जिन्होंने 2008 में 45 गेंदों में शतक बनाया था।

इसके अलावा, रिकेल्टन ने आईपीएल इतिहास में मुंबई इंडियंस के लिए 123 रन बनाकर सबसे बड़ा स्कोर बनाने का भी रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. इससे पहले ये रिकॉर्ड जयसूर्या के नाम था, जिन्होंने 2008 में 114 रन बनाए थे।

## गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 4 विकेट से हराकर हिसाब किया बराबर

नईदिल्ली,(आरएनएस)। आईपीएल 2026 के 42वें मैच में गुजरात टाइटन्स ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 4 विकेट से हरा दिया. कप्तान शुभमन गिल की 18 गेंदों में 43 रनों की तेज पारी की बदौलत गुजरात ने 156 रनों के मामूली लक्ष्य को सिर्फ 15.5 ओवरों में 6 विकेट खोकर हासिल कर लि।

इस जीत के साथ गुजरात ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपनी हार का बदल भी ले लिया और अंक तालिका में वो 5वें नंबर पर पहुंच गए. वहीं आरसीबी 9 मैच में 12 पॉइंट्स के साथ अभी भी दूसरे स्थान पर बरकरार है।

156 रनों के जवाब में गुजरात टाइटंस की तरफ से कप्तान शुभमन गिल ने 18 गेंदों में 43 रनों की तूफानी पारी खेली. इसके अलावा बटलर 19 गेंदों में 39 रन बनाने में सफल रहे. आखिर में राहुल तेवतिया 27 रनों बनाकर नाबाद रहे और 25 गेंदें शेष रहते हुए गुजरात टाइटन्स को आसानी से जीत दिला दी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए भुवनेश्वर कुमार सबसे शानदार गेंदबाज रहे, जिन्होंने तीन विकेट लिए, जबकि रोमारियो शेफर्ड ने दो विकेट चटकाए।

इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की पूरी टीम 19.2 ओवर में 155 रनो पर ही ऑलआउट हो गई. कोहली ने 13 गेंदों में तेजी से 28 रन बनाए इसके अलावा देवदत्त पडिक्कल ने 24 गेंद में 40 रन बनाए.निचले क्रम के बल्लेबाज टीम को संभाल नहीं पाए, रोमारियो शेफर्ड ने 17 रन बनाए, जबकि भुवनेश्वर कुमार और वेंकटेश अय्यर ने भी कुछ छोटे-मोटे योगदान दिए. अंत में, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 19.2 ओवरों में 155 रन बनाकर ऑल आउट हो गई.गुजरात टाइटंस की तरफ से अर्शद खान ने तीन विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि होल्डर और राशिद ने दो-दो विकेट चटकाए. होल्डर को उनकी शानदार गेंदबाजी की वजह से प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया.रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 19.2 ओवरों में 155 (देवदत्त पडिक्कल 40, कोहली 28) गुजरात टाइटन्स 15.5 ओवरों में 158/6 रन (शुभमन गिल 43, जोस बटलर 39) ।

# आईपीएल में आज होगा सीएसके और मुम्बई में मुकाबला

चेन्नई (ए.)। आईपीएल में शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) अपने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस का मुकाबला करेगी। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। दोनो ही टीमों को पता है कि प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उन्हें ये मैच जीतना जरुरी है। ये दोनो ही पांच-पांच बार की खिताब विजेता रही हैं पर इस बार दोनो को ही बेहद खराब हालातों का सामना करना पड़ा है। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की सीएसके इस बार बल्लेबाजी ओर गेंदाबाजी दोनो में ही लय में नहीं है जो उसकी हार का कारण रहा है। वहीं मुम्बई इंडियंस की कहानी भी ऐसी ही है वह अपने स्टार खिलाड़ियों की विफलत से जूझ रही है। मुम्बई के पास सूर्यकुमार यादब और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी हैं पर दोनो ही इस सत्र में विफल रहे हैं। उसका मध्य क्रम कमजोर है। उसके गेंदबाज भी लक्ष्य का बचाव नहीं कर पा रहे। सीएसके को उम्मीद है कि घरेलू मैदान पर उससे स्पिनर सफल रहेंगे। दूसरी ओर मुम्बई इनके खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करना चाहेगी।




दोनों की मौजूदा फॉर्म को देखते हुए कोई भी टीम इस बार पसंदीदा नजर नहीं आती है। यह मुकाबले में हारने वाली टीम का प्लेऑफ का सफर समाप्त हो जाएगा। इसलिए दोनो ही ये मैच जीतने उमरेंगी। सीएसके अंक तालिका में छठे स्थान पर है। उसे आठ मैचों में केवल तीन जीत मिली है। उसकी ओर से अब तक केवल संजू सैमसन ही रन बना पाये हैं। वहीं गेंदबाजी में अंशुल कम्बोज ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

दूसरी ओर मुम्बई के भी हाल खरा हैं और वह अंक तालिका में नौवें नंबर पर है। उसे अब अपने सभी मैच जीतने होंगे क्योंकि एक हार से वह प्लेऑफ से बाहर होगी।आंकड़ों पर नजर डालें तो दोनो के बीच अब तक 40 मुकाबले हुए हैं जिसमें मुम्बई ने 21 जबकि सीएसके ने 19 जीते हैं।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

चेन्नई सुपर किंग्सः रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), कार्तिक शर्मा (विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, सरफराज खान, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), अमन खान, शिवम दुबे, जैक फॉल्क्स, रामकृष्ण घोष, अंशुल कम्बोज, जेमी ओवरटन, मैथ्यू शॉर्ट, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, श्रेयस गोपाल, गुरजपनीत सिंह, मैट हेनरी, अकील होसिन, स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी, नूर अहमद।

मुंबई इंडियंसः हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), रॉबिन मिन्ज (विकेटकीपर), डेनिश मालेवार, शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, शार्दुल ठाकुर, अश्वनी कुमार, जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, कृष्ण भगत, एएम गजनफर, केशव महाराज, मयंक मारकंडे, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा।

## विदेश समाचार

## ईरानी सुप्रीम लीडर मोजतबा की ट्रंप को खुली चुनौती, कहा- अमेरिका की नाकामी और होर्मुज में नया अध्याय..

न्यूयॉर्क (ए.)। ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने गुरुवार को अमेरिका पर तीखा हमला बोलते हुए फारस की खाड़ी क्षेत्र को लेकर कड़ा बयान दिया। उनका यह संदेश ईरानी सरकारी टीवी पर प्रसारित किया गया,



जिसमें उन्होंने अमेरिका की नीतियों को क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा बताया।खामेनेई ने कहा कि ईरान अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को राष्ट्रीय संपत्ति मानता है और किसी भी दबाव में इन्हें नहीं छोड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भविष्य में फारस की खाड़ी क्षेत्र का विकास अमेरिका के बिना ही संभव है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के आसपास बसे देशों की किस्मत आपस में जुड़ी हुई है और बाहरी शक्तियों को यहां दखल देने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि हजारों किलोमीटर दूर से आने वाली ताकतों के लिए इस क्षेत्र में कोई जगह नहीं है।यह बयान उस समय सामने आया है जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि ईरान के साथ परमाणु समझौता होने तक हरमुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसैनिक मौजूदगी जारी रहेगी।

## यूएई की एतिहाद एयरवेज ने 15 पाकिस्तानी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला




### -इस कार्रवाई से वहां के पाकिस्तानी प्रवासी समुदाय में डर और बेचैनी बढ़ी

दुबई,(ए.)। संयुक्त अरब अमीरात और पाकिस्तान के रिश्तों में तल्खी की चर्चा के बीच दो बड़े घटनाक्रम सामने आए हैं। एक तरफ यूएई की राष्ट्रीय एयरलाइन एतिहाद एयरवेज ने अचानक 15 पाकिस्तानी कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है, वहीं दूसरी तरफ यूएई से जुड़ा बड़ा निवेशक पाकिस्तान के टेलीकॉम सेक्टर में अपनी हिस्सेदारी की समीक्षा कर रहा है। जानकारी के मुताबिक अबू धाबी में एतिहाद एयरवेज के हैंगर में काम कर रहे 15 पाकिस्तानी कर्मचारियों को अचानक इमिग्रेशन ऑफिस बुलाया। वहां उन्हें सीधे नोटिस देकर 48 घंटे के अंदर यूएई छोड़ने का आदेश दे दिया। सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि इनमें से कुछ कर्मचारी सालों से कंपनी के साथ जुड़े थे, एक कर्मचारी ने तो 18 साल तक सेवा दी थी। इतने कम समय में बैंक, परिवार और बाकी काम समेटना नामुमकिन है। इस कार्रवाई से वहां के पाकिस्तानी प्रवासी समुदाय में डर और बेचैनी बढ़ गई है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अब तक एतिहाद एयरबेस ने इस फैसले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। आमतौर पर कंपनियां छंटनी के लिए एचआर प्रक्रिया अपनाती हैं, लेकिन यहां इमिग्रेशन की सीधी एंट्री और तुरंत देश छोड़ने का आदेश कई सवाल खड़े कर रहा है। इसी बीच एक और खबर ने पाकिस्तान की चिंता बढ़ा दी है। यूएई से जुड़ी टेलीकॉम कंपनी एटिसला पाकिस्तान टेलीकम्युनिकेशन कंपनी लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी की समीक्षा कर रही है। कंपनी का कहना है कि यह ग्लोबल निवेश रणनीति का हिस्सा है, जो कई देशों में चल रही है।इन दोनों घटनाओं को एक साथ देखकर सवाल उठ रहे हैं कि क्या यूएई और पाकिस्तान के रिश्तों में दूरी बढ़ रही है।

## अफसरों के साथ ट्रंप ने 45 मिनट तक 'वॉर रूम' में की बैठक, ईरान पर अंतिम प्रहार की तैयारी




न्यूयॉर्क (आरएनएस)। मिडिल-ईस्ट में एक बार फिर तनाव बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। इस बीच 'यूएस सेंट्रल कमांड' (CENTCOM) ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान के खिलाफ संभावित कार्रवाई के विकल्पों पर विस्तृत ब्रीफिंग दी है। इससे संकेत मिलता है कि वॉशिंगटन अब कूटनीति के साथ-साथ सैन्य दबाव बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रहा है। अधिकारियों के अनुसार, करीब 45 मिनट चली इस हाई-लेवल ब्रीफिंग में ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की गई। अमेरिकी सैन्य योजनाकार इस बात के लिए भी तैयार हैं कि यदि अमेरिका कोई कार्रवाई करता है, तो ईरान क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर जवाबी हमला कर सकता है। इस बैठक में ज्वाइंट चीफ्स के चेयरमैन जनरल डैन केन की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि अमेरिका गंभीरता से सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, CENTCOM ने 'शॉर्ट एंड इंटेंस' रणनीति का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत कम समय में सटीक और तेज हमले कर ईरान के महत्वपूर्ण ढांचे को निशाना बनाया जा सकता है। इसका उद्देश्य ईरान पर दबाव बनाकर उसे परमाणु मुद्दे पर बातचीत के लिए मजबूर करना है।

पत्रकारों द्वारा संभावित बातचीत पर पूछे गए सवाल के जवाब में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, वे (ईरान) छिपे हुए हैं और समझौता करना चाहते हैं। इस बयान से स्पष्ट है कि अमेरिका 'मैक्सिमम प्रेशर' की नीति पर आगे बढ़ रहा है।

CENTCOM के प्रस्तावों में हाइपरसोनिक 'डार्क ईगल' मिसाइलों की तैनाती भी शामिल है, जो तेज और सटीक हमलों के लिए जानी जाती हैं। इसके अलावा, होर्मुज जलडमरूमध्य के कुछ हिस्सों पर नियंत्रण स्थापित करने का विकल्प भी विचाराधीन है, जिससे वैश्विक व्यापारिक जहाजों की आवाजाही प्रभावित न हो। हालांकि, ऐसे कदम से क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है।

एक अन्य रणनीति के तहत ईरान के उच्च संवर्धित यूरेनियम भंडार को सुरक्षित करने के लिए विशेष बलों की कार्रवाई का सुझाव भी दिया गया है। इसे ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर सीधे प्रभाव डालने वाला कदम माना जा रहा है।इसी बीच, ईरान की राजधानी तेहरान में गुरुवार रात एयर डिफेंस सिस्टम के सक्रिय होने की खबर सामने आई। ईरानी मीडिया के अनुसार, यह कार्रवाई छोटे ड्रोन या टोही विमानों को रोकने के लिए की गई थी। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि यह अभ्यास था या किसी वास्तविक खतरे की प्रतिक्रिया।

# पाकिस्तान के पेट्रोलियम मंत्री ने जमकर की भारत की तारीफ, ईंधन संकट के बीच दोनों देशों में अंतर को किया रेखांकित



इस्लामाबाद, (ए.)। ईरान युद्ध के बाद वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें बढ़कर 126 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। इस बीच पाकिस्तान के पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज़ मलिक ने भारत और पाकिस्तान के बीच ईंधन संकट को लेकर अहम अंतर को रेखांकित किया है।

मलिक के अनुसार, रणनीतिक तेल भंडार और मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार के कारण भारत इस संकट का सामना अपेक्षाकृत बेहतर तरीके से कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में संभावित नाकेबंदी से प्रभावित तेल आपूर्ति के बावजूद भारत ने अपने भंडार और विविध स्रोतों से कच्चे तेल की खरीद के जरिए स्थिति को संभाला।

भारत ने अपने बड़े विदेशी मुद्रा भंडार, रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व और कर नीतियों का उपयोग कर वैश्विक तेल संकट के प्रभाव को कम करने की कोशिश की। इसके विपरीत, पाकिस्तान के पास रणनीतिक तेल भंडार नहीं हैं। मलिक ने बताया कि पाकिस्तान के पास केवल वाणिज्यिक भंडार हैं, जो 5 से 7 दिनों तक कच्चे तेल की जरूरत पूरी कर सकते हैं, जबकि परिष्कृत ईंधन का स्टॉक करीब 20 से 21 दिनों तक ही चल सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत के पास लगभग 60 से 70 दिनों का रणनीतिक भंडार उपलब्ध है, जिसे जरूरत पड़ने पर तुरंत उपयोग में लाया जा सकता है। साथ ही भारत के पास करीब 600 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार भी है, जिससे उसे संकट के समय राहत मिलती है।

मलिक ने पाकिस्तान की मौजूदा स्थिति के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ हुए समझौते की शर्तों को भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने बताया कि बजट के दौरान पाकिस्तान ने आईएमएफ और अन्य दाता एजेंसियों के साथ मिलकर पेट्रोल और डीजल पर कर लगाने का फैसला किया था, ताकि वित्तीय घाटे को नियंत्रित किया जा सके।

तेल की बढ़ती कीमतों के बीच पाकिस्तान को राहत उपायों के लिए आईएमएफ से बातचीत करनी पड़ी। मलिक ने कहा कि डीजल की कीमतों में भारी वृद्धि के बाद सरकार ने डीजल पर टैक्स घटाकर शून्य करने और उसका बोझ पेट्रोल पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही मोटरसाइकिल चालकों को लक्षित सब्सिडी देने की योजना भी बनाई गई है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान ने आईएमएफ के साथ बातचीत कर पेट्रोलियम करों में प्रति लीटर 80 रुपये तक की कमी कराने पर सहमति बनाई है। मलिक के अनुसार, यदि पाकिस्तान आईएमएफ से किए गए वादों से पीछे हटता, तो आर्थिक स्थिति और गंभीर हो सकती थी।

### नेपाल में बड़ा हादसा, अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरी जीप; 20 लोगों की मौत

काठमांडू (आरएनएस)। पश्चिमी रोल्पा जिले की थवांग ग्रामीण नगरपालिका में एक जीप दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 20 तक पहुंच गई है। रोल्पा के जिला प्रशासन कार्यालय ने यह जानकारी दी। 22 यात्रियों को ले जा रही एक जीप सड़क से 700 मीटर नीचे गिर गई, जिससे उसमें सवार अधिकांश लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। रोल्पा के मुख्य जिला अधिकारी गंगा बहादुर छेत्री ने बताया कि अब तक 20 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि दो लोगों का इलाज एक स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। छेत्री ने आगे कहा कि हादसे की सही वजह अभी तक पता नहीं चल पाई है।यह घटना गुरुवार शाम को हुई, जब इलाके में बारिश के दौरान एक जीप कीचड़ भरी सड़क से फिसल गई। पुलिस के अनुसार, इस निजी जीप को स्थानीय लोगों ने किराए पर लिया था, जो शुक्रवार को जिले के जलजला इलाके में बैसाख पूर्णिमा उत्सव में शामिल होने जा रहे थे।

# भैरूंदा एसडीएम ने नर्मदा बाबरी नाव घाट का किया निरीक्षण

## ठेकेदार को नाव संचालन के दौरान सुरक्षा मानकों का कढ़ाई से पालन करने के दिए निर्देश



सीहोर(निप्र)। गत दिवस जबलपुर जिले के बरगी में नर्मदा नदी पर हुए क्रूज़ हादसे को दृष्टिगत रखते हुए भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह ने भैरूंदा के नर्मदा बाबरी नाव घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नर्मदा नदी में नाव संचालन के संबंध में ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि नाव संचालन के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नाव में निर्धारित क्षमता से अधिक लोगों का न बैठाया जाए तथा सभी यात्रियों को अनिवार्य रूप से लाइफ जैकेट उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नाव संचालन से पहले नाव की तकनीकी जांच नियमित रूप से की जाए तथा अनुभवी नाविकों द्वारा ही नाव चलाई जाए। घाट पर चेतावनी संकेतक, सुरक्षा बैरिकेडिंग एवं आवश्यक सूचना पट्ट लगाए जाए, ताकि यात्रियों को संभावित जोखिमों के प्रति जागरूक किया जा सके। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पश्चिम बंगाल चुनाव में प्रवासी कार्यक्रमों का सम्मान किया गया



सीहोर। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं ने प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में लगभग दो माह तक सक्रिय भूमिका निभाते हुए संगठनात्मक मजबूती का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रदेश से लगभग 14 युवा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जाकर बूथ स्तर तक पार्टी द्वारा सौंपे गए दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। इस मौके पर भाजपा के युवा मोर्चा के कार्यकर्ता धर्मेन्द्र माहेश्वरी ने बताया कि हमारे कार्यकर्ताओं पश्चिम बंगाल में काफी संघर्ष किया है और केन्द्र की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया है।इन कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा के कारण भारतीय जनता पार्टी एवं युवा मोर्चा मध्यप्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ। प्रदेश नेतृत्व ने सभी कार्यकर्ताओं के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। माननीय भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, वरिष्ठ नेता राहुल कोठारी एवं भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और ऐसे समर्पित कार्यकर्ता पार्टी के भविष्य को और अधिक मजबूत बनाएंगे।

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने दिया नशे के विरुद्ध जागरुकता का संदेश

सीहोर(निप्र)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय स्थित एडीआर भवन में नशा मुक्ति तथा श्रमिकों के अधिकार एवं मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर प्रशिक्षण सह विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्री संजीव कुमार अग्रवाल ने कहा कि नशा विनाश का द्वार है, विशेषकर युवा वर्ग से नशे से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा जीवन को बर्बाद करने वाला तथा अपराधों के घटित होने का मूल कारण है। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री वैभव मंडलोई ने कहा कि पेरा लीगल वॉलिंटियर्स की विधिक सेवा गतिविधियों एवं आमजन को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह द्वारा नालसा डॉन - Drug Awareness and Wellness Navigation Scheme, w®wz) और नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाऐं) योजना, 2015 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## भैरूंदा के शासकीय संदीपनी स्कूल में समर कैंप शुरु

सीहोर(निप्र)। बच्चों के सर्वांगीण विकास और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भैरूंदा के शासकीय सांदीपनि स्कूल में ग्रीष्मकालीन समर कैंप शुरू हो गया है। यह समर कैंप 01 मई से 01 जून तक प्रतिदिन सुबह 07 से 09 बजे तक आयोजित होगा। कैंप में खेल, योग, कला, संगीत, नृत्य व अन्य रचनात्मक गतिविधियाँ कराई जाएंगी। कोई भी बच्चा 25 रुपए शुल्क के साथ कैंप में शामिल हो सकता है। कैंप के आखिरी दिन प्रदर्शनी आयोजित कर उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।




## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बुधनी में निकाली गई कलश यात्रा

सीहोर(निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में अनेक जल संरक्षण एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम मे बुधनी नगर परिषद द्वारा जल के अपव्यय को रोकने और नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाओं ने घर-घर पहुंचकर नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया

## आज ग्राम महुआखेड़ी में निकाली जाएगी भव्य कलश यात्रा

### लगातार सात दिनों तक किया जाएगा शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन



सीहोर(निप्र)। जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम महुआखेड़ी में सात दिवसीय विशाल एकादश कुण्डिय श्री रुद्र महायज्ञ शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन ग्राम महुआखेड़ी तकीपुर में शनिवार से यज्ञ संचालक पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे के मार्गदर्शन में किया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ सुबह दस बजे कलश यात्रा के साथ की जाएगी। कलश यात्रा में 51 जोड़े एक साथ वैदिक मंत्रों के साथ आहुतियां देंगे।महोत्सव के मुख्य यजमान परमार समाज चल समारोह के पूर्व अध्यक्ष सुरेश गब्बर परमार ने बताया कि सभी ग्रामीणजनों के सहयोग से पंडित श्री कटारे बाबा के मार्गदर्शन में एकजुटता के साथ ग्राम महुआखेड़ी में भव्य-दिव्य एकादश कुण्डिय श्री रुद्र महायज्ञ शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरूआत शनिवार से कलश यात्रा के साथ होगी और प्रतिदिन रात्रि को रामलीला के कलाकारों के द्वारा भगवान की लीलाओं का मंचन किया जाएगा। उन्होंने ग्राम सहित आस-पास के सभी क्षेत्रवासियों से महोत्सव में शामिल होने की अपील की। उन्होंने बताया कि महोत्सव के यज्ञाचार्य पंडित दीपक शास्त्री और संत गोपाल आदि का ग्रामवासियों ने स्वागत सम्म्मान किया। इस मौके पर पंडित कटारे बाबा ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार वैशाख महीने की पूर्णिमा पर भगवान विष्णु की पूजा विशेष फलदायी होती है। इस दिन बुद्ध भगवान का जन्म भी हुआ था इसलिए इसे बुद्ध पूर्णिमा के नाम से भी मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार भगवान विष्णु को वैशाख माह अति प्रिय है।

# जनगणना का प्रथम चरण प्रारंभ

## जनगणना के प्रथम चरण के लिए जिले में नियुक्त किए गए हैं 19 चार्ज अधिकारी

सीहोर(निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में जनगणना 2027 का प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है। जनगणना के प्रथम चरण के लिए सीहोर जिले में 19 चार्ज अधिकारी नियुक्त किये गये है। जिसमें 10 तहसील ग्रामीण स्तरीय चार्ज अधिकारी एवं 09 नगरीय स्तरीय चार्ज अधिकारी शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्र अन्तर्गत मकान सूचीकरण ब्लॉक (HLBs) 1981 एवं नगरीय क्षेत्र अन्तर्गत मकान सूचीकरण ब्लॉक (HLBs) 424 बनाये गये हैं। ग्रामीण क्षेत्र में 1967 प्रगणक एवं 303 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए है, तो वहीं नगरीय क्षेत्र में 458 प्रगणक एवं 40 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। इन सभी को 11 अप्रैल से 25 अप्रैल तक प्रशिक्षण भी दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्वगणना पोर्टल के माध्यम से नागरिकों द्वारा ऑनलाइन जानकारी दर्ज की गई है। अब 01 मई से 30 मई मध्य प्रगणक जनगणना ब्लाक में भवन क्रमांक अंकित कर मकान सूचीकरण का कार्य करेंगे।

### *गेहूं को बारिश से सुरक्षित रखने के लिए त्वरित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें - कलेक्टर*

*सीहोर(निप्र) रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर हो रहे गेहूं उपार्जन को संभावित असामयिक वर्षा से सुरक्षित रखने के लिए कलेक्टर बालागुरु के. ने जिले के सभी उपार्जन केंद्रों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में बारिश की संभावना जताई गई है, ऐसे में उपार्जित गेहूं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। कलेक्टर बालागुरु के ने निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्रों पर संग्रहित गेहूं का शीघ्र परिवहन कर सुरक्षित गोदामों में भंडारण किया जाए। आवश्यकतानुसार अतिरिक्त ट्रकों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। साथ ही किसानों से खरीदी जा रही उपज की तौल में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त कांटे एवं श्रमिकों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।*

## स्वयं सहायता समूह की दीदियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



सीहोर(निप्र)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बुधनी स्थित पंचायत प्रशिक्षण केंद्र में स्वयं सहायता समूह की दीदियों में क्षमता निर्माण के उद्देश्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समूह की लगभग 30 दीदियों को उद्यमिता, उद्यमशीलता प्रेरणा, बाजार सर्वेक्षण, व्यापार योजना निर्माण, व्यावसायिक अवसरों की पहचान जैसे विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर दीदियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

## सनातन धर्म और गाय को बचाने के लिए मोहितराम जैसे कथा वाचकों की जरुरत : कटारे बाबाजी



सीहोर(निप्र)। सनातन धर्म वैदिक धर्म हमारी संस्कृति संस्कार वेद पुराण शास्त्र गुरु परंपरा और गौ माता भारत माता की रक्षा के लिए, मोहित राम जी पाठक जैसे कथावाचक की अति आवश्यकता है ऐसे कथावाचक जो धर्म रक्षा राष्ट्र रक्षा गौ माता की सेवा में निरंतर कार्य कर रहे हैं हम सभी बाबाओ को भी इनका साथ देना चाहिए प्रोत्साहित करना चाहिए उक्त उद्गार ग्राम बड़ी कुलास वर्मा कृषि फार्म सीहोर पर चल रहे शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं श्री शिव महापुराण कथा के दौरान पूज्य संत कटारे बाबा जी ने कहा, साथ में कथा वाचक पंडित मोहितरामजी पाठक ने शिव महापुराण की कथा के विश्राम दिवस शिव महापुराण की महिमा भगवान गणेश रुद्राक्ष बिल वृक्ष पार्थिव शिवलिंग पूजन शिव नेवेध शिव नाम भस्म की महिमा एवं गौ माता की महिमा का वर्णन किया शिवमहा पुराण हिंदू धर्म के 18 प्रमुख महापुराणों में से एक है, जो भगवान शिव और माता पार्वती की महिमा, उनके कल्याणकारी स्वरूप, ज्योतिर्लिंगों और भक्त-वत्सलता का वर्णन करता है। इसमें शिव के अवतारी रूपों, सृष्टि उत्पत्ति, और रुद्राक्ष/भस्म की महिमा का विस्तार से उल्लेख है, जो मोक्ष और सुख प्राप्ति का साधन माना जाता है। यज्ञ एवं कथा के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु गण पधारे एवं भंडारा में प्रसाद जी ग्रहण करी आयोजन कर्ता समस्त क्षेत्रवासी ग्रामवासी एवं वर्मा परिवार ने पधारे हुए श्रद्धालुओं का बाहर व्यक्त किया।

## विमला देवी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता, आदिल ने खेली 54 रन की शानदार पारी

सीहोर (निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान पर विमला देवी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को एक तरफा मुकाबले में क्रिसेंट वारियर्स ने इंटीग्रिटी सल्युशन को तीन विकेट से हराया। इस मैच में सल्युशन की ओर से आदिल खान ने 51 गेंद पर 54 रन, विकास सास्ता 42 रन बनाए थे। इस मौके पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे भागवत कथा वाचक पंडित शिवम मिश्रा आदि ने संबोधित करते हुए कहाकि इतनी भीषण गर्मी के मध्य खेलना हौसले की बात है।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंटीग्रिटी सल्युशन ने 32.1 ओवर में दस विकेट खोकर 181 रन बनाए थे।

# कांग्रेस के संगठन इंटक ने मनाया मजदूर दिवस

## देश के निर्माण में श्रमिकगणों की अहम भूमिका : राजीव गुजराती




सीहोर (निप्र)। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में कांग्रेस सीहोर जिला मुख्यालय पर सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के मुख्य आतिथ्य में इंटक कांग्रेस संगठन के तत्वाधान में मजदूर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम वर्मा ने की एवं विशेष अतिथि के रूप में म.प्र.राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) जयमल सिंह राजपाल उपस्थित रहे। इस मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित मजदूर भाईयों को राजीव गुजराती द्वारा अंग वस्त्र भेट कर पुष्पहार पहना कर सम्मान किया गया एवं सभी मजदूर भाई, बहन के साथ स्वल्पाहार भी किया गया। इस अवसर पर श्री गुजराती ने सभी उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह दिन दुनिया भर के श्रमिकों के योगदान, संघर्ष और अधिकारों को सम्मान देने के लिए समर्पित है। किसी भी देश की प्रगति में श्रमिक भाईयों, बहनो की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए यह दिन उनके प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर भी है।

श्रमिक भाई बहन अपनी मेहनत और लगन से देश की नींव को मजबूत करते हैं। आपका संघर्ष और योगदान भारत के निर्माण की असली ताकत हैं। मजदूर दिवस हमें यह याद दिलाता है कि श्रमिक समाज की रीढ़ होते हैं। वे उद्योग, निर्माण, कृषि और अन्य क्षेत्रों में मेहनत करके देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाते हैं।

वर्तमान स्थिति यह है कि आज भी कई मजदूरों को उचित वेतन, सुरक्षित कार्यस्थल और सामाजिक सुरक्षा नहीं मिल पाती है। ऐसे में मजदूर दिवस हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि हम उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए क्या कर सकते हैं। वर्तमान सरकार को उनके अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। श्री गुजराती ने संकल्प भी दिलया कि आपके श्रम को सम्मान मिले, आपके अधिकारों की रक्षा हो, और भारत की प्रगति में आपकी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए आपका भविष्य सुरक्षित बनाने हेतु शासन सभी श्रमिक भाई बहनों का नि:शुल्क बीमा एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने पर उचित आर्थिक सहायता राशि प्रदान कराये जाने हेतु कांग्रेस पार्टी कन्धे से कन्धा मिलाकर आपके हक की लड़ाई के लिये आपके साथ खड़ी है।

ओम वर्मा ने कहा कि मजदूर दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि यह श्रमिकों के संघर्ष और सम्मान का प्रतीक है। हमें मजदूरों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता दिखानी चाहिए तथा उनके अधिकारों के लिए आवाज उठानी चाहिए। यही इस दिन का सच्चा उद्देश्य है।

जयमल सिंह राजपाल ने कहा कि हमारे लिये सही मायने में मजदूर दिवस मनाना तभी कृतार्थ होगा जब हम शासन द्वारा सीहोर स्थित बी.एस.आई. लि. कम्पनी (शुगर फैक्ट्री) की सीलिंग जमीन अधिग्रहण करने से कृषि फार्मस खेती तथा कृषि आधारित उद्योग के सैकड़ो मजदूर बेरोजगार हो गये है उन्हें इस सीलिंग की जमीन आबंटन का प्राथमिकता का अधिकार दिलायें। उन्होने यह भी बताया कि मेने एक दिवस पूर्व ही श्रमिकों के हित में कलेक्ट्रेट में ज्ञापन दिया जिसमें हमारी मांग रही कि शुगर फैक्ट्री बी.एस.आई.लि. कम्पनी के कृषि फार्मस एवं कृषि आधारित उद्योग शुगर एवं सोया प्लान्ट के श्रमिकों को उनका सीलिंग की भूमि के आवंटन में प्राथमिकता का अधिकार 5-5 एकड़ भूमि जीवन यापन हेतु दिलाने में मदद करें। क्योंकि श्रमिक परिवार आर्थिक संकटों के दौर से गुजर रहे है लगभग 90 अनिक मर चुके है। यह समस्या 1000 श्रमिक परिवारों की है।

# चार दिन में सीवन पुत्र एवं सीवन योद्धाओं ने चमका दिया श्रद्धा के सबसे बड़े केंद्र महिला घाट छावनी को, पूरे देश भर से श्रद्धा को लेकर आते हैं श्रद्धालु

सीहोर(निप्र)। दिन शुक्रवार को जीवन पुत्र एवं जीवन योद्धा की टीम जैसे ही सीवन की गोद में उतरी उन्होंने जिन चीजों को दिखा और ये जो चीज उनके हाथ में आई उन्हें देखकर वे भी आश्चर्यचकित हो गए और जिसने भी देखा उन्होंने भी दातों तले उंगलियां दबा ली 10-10 फीट से भी बड़ी लोहे की परतें, बड़े संदूक, टेंट के पर्दे साडियां, फोटो और भी अनेक चीज सीवन नदी में से सीवन योद्धाओं ने निकाली। शुक्रवार का दिन सीवन योद्धाओं ने ऐतिहासिक बना दिया जहां चार दिन पहले सीवन का महिला घाट छावनी जो पूरी तरह से गंदगी में लिप्त था, पॉलिथीन,बड़ी-बड़ी बोरियां और आज जो निकला ये सामान के बाद महिला घाट छावनी सीहोर का स्वच्छ दिखाई देने लगा,नदी साफ-सुथरी दिखाई दे देने लगी । सीवन पुत्र और सीवन योद्धा की इमानदारी से की गई मेहनत का परिणाम है जिसे देखकर हर कोई प्रशंसा कर रहा है कड़ी धूप में भी सिवन योद्धा रहे मोर्चे पर ऑपरेशन सिवन को अंजाम देने हेतु शाम 5:00 बजे तक सिवन ने ऐसी ऐसी चीज उंगली जिन्हें लोगों ने देखकर एक ही बात कही की कोई मनुष्य जिसके पास बुद्धि है, विवेक है, समझ है वह कैसे इन नदियों के साथ खिलवाड़ कर सकता है गुरुवार को समझाइस देने के बाद भी लोग नहीं माने और सबसे बड़ी बात आज का दिन लोग दिन में भी बड़ी-बड़ी बोरियां पुल के ऊपर से लगातार फेंकते रहे उनको आवाज देकर मन भी किया लेकिन वह वहां से रफू चक्कर हो गए । सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने बताया है कि ऐसे लोगों पर जो जानबूझकर लोहे का सामान,साडियां, कपड़े,पूजन सामग्री व अन्य सामग्री डाल रहे हैं उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए उन पर भारी से भारी जुर्माना लगाया जाए तभी ऐसे लोग मानेंगे अन्यथा यह मानने वाले नहीं है आज 5:00 समाजसेवी चंपालाल यादव सिवन योद्धा का सम्मान करने पहुंचे उनके साथ शेख मुंशी, आशीष गुप्ता व आशीष गहलोत आदि भी पहुंचे ।

### कांग्रेसजनों ने सीहोर से चारों धाम, बारह ज्योतिर्लिंगों और सभी धार्मिक नगरों सहित चारों महानगरों तक सीधी रेल सेवा की मांग की

सीहोर(निप्र)। । शुक्रवार को जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों का एक प्रतिनिधिमंडल सीहोर रेलवे स्टेशन पहुंचा, जहां रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को संबोधित एक ज्ञापन स्टेशन प्रबंधक जेएस मिश्रा को सौंपा गया, जिसके माध्यम से कांग्रेसजनों ने उनसे एनएसजी-4 कैटेगरी में शामिल हिंदुओं की धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र सीहोर रेलवे स्टेशन की रैंकिंग सुधारकर एनएसजी-1 करवाने हेतु यहां से गुजरने वाली सभी ट्रेनों का सीहोर स्टेशन पर ठहराव तथा सीहोर से चारधाम, चारों महानगरों (दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई), बारह ज्योतिर्लिंगों और अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, हरिद्वार, गया आदि के लिए नई ट्रेनें शुरू करने सहित हाऊसिंग बोर्ड रेलवे ओवरब्रिज की डिजाइन में बदलाव करने के दोषियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com